

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-15 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 19 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## नक्शा कार्यक्रम से शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवादों में आएगी कमी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### "नक्शा" कार्यक्रम शहरी भूमि रिकार्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में लायेगा क्रांतिः केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने ड्रोन उड़ाकर किया शहरी भूमि सर्वेक्षण







भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज रायसेन की धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त और उनके जीवन को आसान बनाएगी। साथ ही शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा''के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाइयों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाइयों की आय बढ़ रही है। इस वर्ष 2600 रू क्विंटल के मान से किसानों से गेहूँ उपार्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। नवीन कारखाने स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दस से अधिक गाय का पालन करने वाले गौपालकों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी माताओं-बहनों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। हमारा मध्यप्रदेश हरित प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष 2003-04 के बाद लगातार सिंचाई रकबे में वृद्धि होने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 के पहले जहां प्रदेश में 7 लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 48 लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र सिंचित है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश में एक लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र करने का है। प्रदेश में 3 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं के साथ अन्य वृहद सिंचाई परियोजनाओं से हम यह लक्ष्य हासिल करेंगे।

**राष्ट्रीय कार्यक्रम नक्शा केवल रायसेन और मध्यप्रदेश का नहीं, पूरे देश का है : केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान**

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज रायसेन में जो कार्यक्रम हो रहा है, वह केवल रायसेन और प्रदेश का नहीं, पूरे देश का कार्यक्रम है। आज रायसेन से देश के 26 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा'' पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे होगा और नक्शा बनाकर भूमि स्वामी को दिया जाएगा। नक्शा नहीं होने से कई परेशानियां होती हैं। अब नागरिकों के पास उनकी जमीन का व्यवस्थित रिकॉर्ड होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लैण्ड रिकॉर्ड के क्षेत्र में क्रांति शुरू हुई है।



कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के दौरान तस्वीरों के लिए पोज़ देते हुए।

## भिंड में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े पिकअप वैन से आकर भिड़ा डंपर, 5 मौत

भिंड,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के भिंड में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-719) पर खड़े पिकअप वैन में तेज रफ्तार डंपर भिड़ गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है, जबकि 8 अन्य लोग घायल हुए हैं।हादसा ग्वालियर-इटावा राजमार्ग पर जवाहरपुरा गांव के पास सुबह 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन 50 मीटर तक घिसटते चला गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने राजमार्ग पर जाम लगा दिया।रिपोर्ट के मुताबिक, जवाहरपुरा निवासी राकेश बंसल के बेटे की शादी थी, जिसमें भवानीपुर से रिश्तेदार आए थे।वे सभी शादी निपटाकर सुबह पिकअप वैन में घर जाने के लिए बैठ रहे थे, तभी इटावा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि डंपर चालक को झपकी आ गई, जिससे उसका वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। मृतकों में दंपति भी शामिल हैं।



## कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में विस्फोटक पदार्थ मिलने की सूचना, ट्रेन को किया गया खाली

बलिया (आरएनएस)। बलिया के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर खड़ी कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन से विस्फोटक पदार्थ मिलने की सूचना के बाद रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ और जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन को खाली करा लिया।यह ट्रेन बलिया से 12:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए रवाना होती है, जो प्रयागराज होते हुए मुंबई तक जाती है। फिलहाल ट्रेन को प्लेटफार्म से हटा कर वाशिंग पिट पर खड़ा किया गया है। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर फोरेंसिक टीम और बम डिस्पोजल स्क्वाड को घटनास्थल पर भेज दिया है। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड के साथ ट्रेन की बोगियों और प्लेटफार्म पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटालाः ब्रिटिश नागरिक मिशेल जेम्स को मिली जमानत



नई दिल्ली(आरएनएस)। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में ब्रिटिश नागरिक मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। जेम्स को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने सशर्त जमानत देते हुए कहा है कि मिशेल को पासपोर्ट को रिन्यू करके सरेंडर करना होगा। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई के मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया था।इसके खिलाफ मिशेल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। मिशेल को 2018 में दुबई से भारत प्रत्यर्पित किया गया था और तब से वह हिरासत में हैं। मिशेल ने जमानत के लिए सीआरपीसी की धारा 436 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि यदि किसी व्यक्ति ने अधिकतम सजा का आधा हिस्सा पूरा कर लिया हो, तो उसे जमानत दी जा सकती है।

### ठग सुकेश चंद्रशेखर को झटका भी फटकार भी, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जेल बदलने की याचिका

नई दिल्ली(आरएनएस)। ठग सुकेश चंद्रशेखर की जेल बदलने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सुकेश की शिकायत दिल्ली सरकार के खिलाफ थी। अब व्यवस्था बदल जाने के कारण यह शिकायत खत्म हो गई है। पीठ ने कहा कि 'सुकेश को पहले दिल्ली सरकार से शिकायत थी, लेकिन अब सरकार बदल चुकी है, फिर उन्हें परेशानी नहीं होनी चाहिए।' पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास पैसे हैं खर्च करने के लिए तो क्या आप बार-बार कोशिश करते रहेंगे? यह कानून का दुरुपयोग है। आप कैसे एक ही याचिका को बार-बार दायर कर सकते हैं?' सुप्रीम कोर्ट ने सुकेश की याचिका को कानून का दुरुपयोग बताया। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि सुकेश की ओर से पहले दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है।

## कुछ करने का समय आ गया , यूट्यूब पर अश्लील सामग्री से निपटने के लिए केंद्र को सुप्रीमकोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (18 फरवरी) को एक यूट्यूब शो के दौरान कथित रूप से अशोभनीय और अश्लील टिप्पणी करने के लिए सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को लेकर उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण तो दे दिया लेकिन उन टिप्पणियों के लिए इलाहाबादिया की कड़ी आलोचना भी की। इसी दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यूट्यूब पर अश्लील सामग्री से निपटने के लिए कुछ करने का समय आ गया है। कोर्ट ने इस बाबत सख्त कदम उठाने और नियम बनाने के लिए केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यूट्यूब पर अश्लील सामग्री के नियमन की वकालत की और इस बात पर जोर दिया कि कुछ करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि यूट्यूबर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नियमन की कमी का दुरुपयोग कर रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अगर सरकार यूट्यूब पर ऑनलाइन सामग्री को विनियमित करने के लिए कदम उठाने की योजना बना रही है तो पीठ को बहुत खुशी होगी। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री के नियमन में कमी को दूर करने में अदालत की सहायता करने को कहा।





कोर्ट ने वेंकटरमानी और मेहता को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का आदेश भी दिया। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उन्होंने कॉमेडियन समय रैना के 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर किए गए एक भद्दे मजाक को लेकर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की थी। यह शो इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया गया था। इलाहाबादिया की टिप्पणियों से नाराज जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, ''ज्उनके दिमाग में कुछ गंदगी है जिसे यूट्यूब के कार्यक्रम में उन्होंने उगला।''

### रिश्तों में कत्ल

## कुशीनगर में तीन पुत्रों ने अपने ही पिता को जमीन बेचने पर सिर ईंट से कुचल कर हत्या कर दी

कुशीनगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थानाक्षेत्र के नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर भटवलिया नंबर 2 में जमीन बेचने से नाराज तीन पुत्रों ने रिश्ते की परवाह किए बगैर ही अपने पिता के सिर को ईंट कुचकर बर्बरता पूर्वक उसकी हत्या कर दिया। घटना के बाद आरोपी मृतक के शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद तमकुहीराज पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कारवाई में जुटी। मंगलवार को सुबह तमकुहीराज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर, भटवलिया नंबर 2 में एक बेहद शर्मनाक घटना घटित हो गई।

## राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने की घटना से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

### मंदिर की सुरक्षा को बढ़ाया गया

अयोध्या (ए)। अयोध्या में राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने की घटना से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह ड्रोन 3 नंबर गेट के पास उड़ रहा था, तभी एंटी-ड्रोन सिस्टम की मदद से मार गिरा दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ने जांच शुरू कर दी गई है।सोमवार शाम जब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रामलला दर्शन के लिए आई थी, तभी मंदिर परिसर में एक ड्रोन गिरने की घटना सामने आई। पुलिस ने तुरंत ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह आशंका है कि भीड़ में भगदड़ मचाने के मकसद से यह हरकत की गई हो।जानकारी के अनुसार, मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है कि ड्रोन गिराने की यह घटना किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं है।







## महाकुंभ में सनातन की धर्म ध्वजा की फहराई पताका, 55 करोड़ के पार श्रद्धालुओं की संख्या



महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 अब इतिहास रच चुका है। यहां अब तक 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 55 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है।

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में कुल 110 करोड़ सनातनी निवास करते हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में देश के आधे सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं।

26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर पड़ा पंगा, राहुल गांधी ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विरोध जताया है। ट्वीट के माध्यम से उन्होंने अपनी नाराजगी का विवरण जारी किया। राहुल गांधी ने डिसेंट नोट में लिखा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का आधी रात को लिया गया यह फैसला अपमानजनक' है।

राहुल गांधी ने बताया कि चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित समिति की बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमतिपूर्ण नोट सौंपा था। इस नोट में राहुल गांधी ने साफ कहा कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता विशेष रूप से चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त होनी चाहिए।

## महाकुंभ अब मृत्यु कुंभ में बदल गया..ममता बनर्जी का विवादित बयान

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इस बार उन्होंने महाकुंभ मेले को लेकर टिप्पणी की, जिससे राजनीतिक भूचाल आ गया। ममता बनर्जी ने कहा कि महाकुंभ अब मृत्यु कुंभ में बदल गया है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, यह मृत्यु कुंभ है... मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, मैं पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं। लेकिन कोई योजना नहीं है... कितने लोग बरामद हुए हैं?... अमीरों, वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपये तक के कैंप (टेंट) पाने की व्यवस्था उपलब्ध है। गरीबों के लिए कुंभ में कोई व्यवस्था नहीं है... मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन व्यवस्था करना महत्वपूर्ण है। आपने क्या योजना बनाई थी? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब सांप्रदायिकता के बारे में बोलना या किसी धर्म के खिलाफ भड़काना नहीं है। आप एक विशेष धर्म क बेच रहे हैं। राज्यपाल सीवी आनंद बोस के भाषण पर राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, भारत में कई राज्य हैं।





## खदान माफिया के खिलाफ आदिवासियों ने दिखाई हिम्मत शिकायत करने पहुंचे एसडीएम कार्यालय

भोपाल(आरएनएस)। गोहद के डांग क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ आदिवासी समाज के लोग आज एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने माइनिंग अधिकारी संजय धाकड़ , मौजा पटवारी गजेंद्र नरवरिया , राजस्व अधिकारी पराग जैन ,खदान माफ्यिा हरपाल तोमर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की आदिवासी समाज के समर्थन में उतरे आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन देकर सात दिवस में कार्यवाही करने की मांग की है! अब देखना होगा कि जांच अधिकारी दवंग खनन माफ्यिा के समर्थन में रहेंगे या वेवस, कमजोर, अनपढ़ आदिवासियों के घायल आदिवासी ने बताया के ब्लास्टिंग होने से उसके पैर में चोट लगी थी जिसमें समुचित इलाज ना होने से अब पानी पड़ गया है कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास मिले थे पर उन में रहना अब वड़ा जोखिम भरा हो गया है छोटे-छोटे बच्चों के साथ महिलाओं के साथ निवास करते आदिवासियों के परिवार अब डर भय के साए में जी रहे हैं पूर्व में भी कई घटनाएं घट चुकी है लेकिन स्थानीय प्रशासन सांठगांठ के चलते कार्यवाही से कौसो दूर भाग रहा है हांलांकि सूत्रों ने बताया अवैध खनन में मुख्य भूमिका माइनिंग इन्स्पेक्टर संजय धाकड़ की है बताया कि ऐसे अधिकारी ही आय से अर्जित सम्पत्ति अर्जित कर लेते हैं संजय धाकड़ की और भी शिकायते ई ओड्वलू को भेजी जा रही है हांलांकि अब आदिवासियो के परिवार, मुस्लिम परिवार भी अपनी लड़ाई लड़ने की तैयारी में लग रहे हैं!

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड की दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड जिले के जवाहरपुरा गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में कुछ लोगों के असामयिक निधन का समाचार मिला है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि दुर्घटना में काल कवलित मृतकों के सभी शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दुर्घटना में घायल नागरिकों के समुचित उपचार की व्यवस्था के लिए भिंड जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि और गंभीर घायलों को एक एक लाख एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगतों की आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाए जाएंगे महाशिवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद बैठक के पहले दी मंत्रीगण को महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जल गंगा अभियान और वॉटर शेड कार्यक्रम के साथ दीर्घ अवधि तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

### घड़ियाल अभ्यारण्य और मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 फरवरी को चंबल नदी के निकट घड़ियाल अभ्यारण्य का उन्होंने अवलोकन किया। इस अवसर पर 10 घड़ियाल चंबल नदी में छोड़े गए। प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। देश में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल के घड़ियाल अभ्यारण्य में हैं। यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभ्यारण्य को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्र बताया।

### कृषक कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में किसान कल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। चाहे किसानों को धान और अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का विषय हो या प्रति हेक्टेयर फसलों के लिए प्रोत्साहन राशि देने का विषय हो, इस संबंध में निकट भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा। यह परियोजना ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना होगी, जिससे महाराष्ट्र राज्य भी लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संग्रहण, वॉटर रिचार्ज और सिंचाई क्षेत्र के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना एक अनूठी परियोजना होगी जो पृथ्वी के गर्भ में जल भंडारण का कार्य भी करेगी। इस परियोजना से जल स्तर ऊपर आएगा। मध्यप्रदेश के खण्डवा और बुरहानपुर जिलों के सवा लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का विस्तार होगा। परियोजना के संबंध में शीघ्र ही महाराष्ट्र के साथ करारनामा किया जाएगा। केन्द्र सरकार से इस परियोजना के संबंध में आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना वॉटर रिचार्ज की दृष्टि से पूरे देश के लिए प्रेरक परियोजना सिद्ध होगी।

### नई औद्योगिक नीतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश नई औद्योगिक नीतियां लागू कर निवेशकों को आमंत्रत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना है कि उद्योगों की स्थापना में उद्योगपतियों को अड़चनों का सामना न करना पड़े, इस उद्देश्य से नीतियां सरल होना चाहिए। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए इस मंत्र पर अमल कर रहा है। राज्य सरकार ने अनेक उद्योग नीतियों की स्वीकृति प्रदान की है। निवेशकों को नई नीतियां मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करेंगी। निश्चित ही इनसे प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

### खेल क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हाल ही में उत्तराखंड में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में 82 पदक प्राप्त किए हैं। यह एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स में 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। मध्यप्रदेश ने पदक पदक संख्या के मान से देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों और समस्त प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भेल क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए लागत की सड़कों के डामरीकरण का किया भूमि पूजन

भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन किया।



राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुरा के नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए हम सतत कार्य कर रहे हैं। निरंतरता के साथ क्षेत्र की प्रगति के कार्य जारी हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से कहा कि सड़क मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता से करें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने महात्मा गांधी चौराहा से पिपलानी पेट्रोल पंप तक 2 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 61 लाख रुपए है और चेतकब्रिज चौराहा से अवधपुरी रोड तक 4 किलोमीटर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सेवंतिका पेट्रोल पंप से गोविंदपुरा थाने तक डामरीकरण तथा अन्नानगर से डीआरएम तक एक करोड़ 16 लाख की लागत से पेचवर्क का कार्य किया जाएगा। पार्षद श्रीमती मधु शवनानी, वी शक्ति राव, प्रताप बेस, गणेश राम नागर, शिवलाल मकोरिया, नारायण परमार, संजय शवनानी सहित जनप्रतिनिधि एवं रहवासी मौजूद रहे।




मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंत्रालय में प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान प्रदेश के रेलवे और सड़क मार्गों पर यातायात व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

## आरडीएसएस में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को करें ब्लैक-लिस्ट

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

भोपाल (आरएनएस)।आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को वार्निंग देकर ब्लैक-लिस्ट करने की कार्यवाही करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अंतर्गत स्वीकृत आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने कहा कि स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा प्रतिमाह करें। आवश्यकतानुसार पेनाल्टी लगायें। उन्होंने अधिकारियों से भी पूछा कि कार्यों में देरी पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है।

टेण्डर की शर्तों का हो पूरा पालन

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पूरी तरह से पालन करना सुनिश्चित करें। बिजली खम्बों में निर्धारित रंग के साथ ही थिकनेस आदि पर कोई समझौता नहीं होना चाहिये। श्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता की जाँच के लिये नियुक्त थर्ड पार्टी की रिपोर्ट की भी जाँच करें। गलत रिपोर्ट मिलने पर थर्ड पार्टी के विरुद्ध भी कार्यवाही करें।

स्मार्ट मीटर की बिलिंग समय पर हो

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लग गये हैं, उनकी बिलिंग समय पर हो। देरी से बिलिंग होने पर बिल के स्लैब में परिवर्तन नहीं होना चाहिये। मध्य क्षेत्र में अभी तक एक लाख 22 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं।

## टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदने से परीक्षा में फेल होने का खतरा

### - साइबर फ्रॉड गैंग नकली पेपर बेचकर करती है ठगी




भोपाल(ए)। प्रदेश में दसवीं, बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर फर्जी पेपर बेचकर छात्रों के साथ ठगी करने वाले सायबर ठगोरे भी सक्रिय हो गए है। राजधानी भोपाल की सायबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है की कि छात्र किसी भी टेलीग्राम ग्रुप पर बेचे जा रहे पेपर को खरीदने से बचें। सायबर क्राइम ब्रांच के एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा के समय साइबर फ्रॉड गैंग भी एक्टिव हो जाती हैं। और टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिये नकली पेपर बेचकर पैसो की ठगी करते हैं। इन ग्रुप्स में हजारों लोग जुड़े होते हैं, जिनमें कई छात्र भी शामिल होते हैं। अधिकारियो ने आगे बताया की टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदने से न केवल परीक्षा में फेल होने का खतरा बढ़ सकता है, बल्कि छात्रों का करियर भी दांव पर लग सकता है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के जरिये इस तरह की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह पर लगातार नजर रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। भोपाल साइबर क्राइम के पास कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिए फर्जी पेपर बेचने की जानकारी सामने आई है। साइबर टीम ने टेलीग्राम पर सक्रिय एमपी बोर्ड पेपर लीक, सप्लीमेंट्री पेपर लीक, एमपी बोर्ड पेपर लीक 2025, एमपी बोर्ड पेपर लीक 2024-25 और एमपी बोर्ड क्लास 12 पेपर 2025 नाम के

पांच ग्रुप्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ऐसे ग्रप्स पर झांसा दिया जा रहा है, कि हमारे ग्रुप में शामिल होने पर आपको आपकी परीक्षा से संबंधित टॉप 35 प्रश्न देंगे और कुछ टॉप 50 प्रश्न देंगे, जिनमें से 70-80 प्रतीशित आपके पेपर में आएंगे। हमारे ग्रुप में शामिल होने की फीस 350 रुपए है। जिसका भुगतान करने पर आपको सुविधा प्रदान की जायेगी। पुलिस ने टेलीग्राम से उनके संबध में जानकारी मांगी है, जिसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है की पिछले साल भी इस तरह की शिकायतों के आधार पर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। साइबर क्राइम अधिकारियों ने छात्रों को समझाइश देते हुए कहा कि वे केवल साल भी लगन और मेहनत से की गई अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और किसी भी फर्जी टेलीग्राम ग्रुप से न जुड़ें।

## किसान ने जालसाजी कर एक ही जमीन दो लोगो को बेची

### -पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया मामला




भोपाल(ए)। शहर के खजूरी सड़क इलाके में किसान द्वारा जमीन बेचने के नाम पर जालसाजी किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है की किसान ने जमीन का सौदा प्रॉपर्टी ब्रोकर करते हुए एग्रीमेंट कर लिया था। इसके बाद भी उसने चालाकी करते हुए यही जमीन कीरब 75 लाख में दूसरे को भी बेच दी। जानकारी लगने पर फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन, कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई जिसके आदेश पर थाना पुलिस ने किसान के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित आम वाली मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद इब्राहिम हुसैन पिता इकबाल हुसैन ने बताया की वह प्रोग्रेसिव डेवकॉन मल्टी ट्रेड प्रायवेट लिमिटेड नाम से प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करते हैं। उन्होंने खजूरी सड़क स्थित फंदा के पास 0.75 एकड़ जमीन खरीदने का सौदा 1 मई, 2019 को जमीन के मालिक किसान मुन्नालाल मेवाड़ा से किया थी। सौदा 20 लाख 25 हजार रुपए में तय हुआ,बातचीत तय होने पर इब्राहिम हुसैन और मुन्नालाल मेवाड़ा की सहमति से दोनो के बीच एग्रीमेंट तैयार हुआ। जमीन मालिक मुन्नालाल मेवाड़ा ने उस समय 25 हजार रुपए एंडवास लिये और बाकी रकम 36 महीने से 60 महीने के बीच दिये जाना तय हुआ था। इस अनुबंध के आधार पर फरियादी इब्राहिम हुसैन ने 2021 तक चार लाख 76 हजार रूपए की रकम का भुगतान चैक और नकद देकर कर दिया। एग्रीमेंट साल 2024 तक के लिए प्रभावी था। लेकिन इसके बाद भी साल 2022 में किसान मुन्नालाल मेवाड़ा ने यही जमीन साहब खान को बेच दी। इसकी जानकारी लगने पर फरियादी का मुन्ना लाल मेवाड़ा से विवाद हुआ। बाद में तीनों पक्षो ने एक साथ बैठकर विवाद का हल निकालने का प्रयास किया। लेकिन कोई हल न निकलने पर फरियादी इब्राहिम हुसैन ने साल 2023 में थाना पुलिस से लिखित शिकायत कर दी। पुलिस ने करीब 8 महीने तक मामले की जांच करती रही। कोई कार्यवाही न होने पर फरियादी ने कोर्ट में गुहार लगाई। जिसके बाद अदालत ने पुलिस को जालसाजी का प्रकरण दर्ज करके केस डायरी कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने मुन्नालाल मेवाड़ा के खिलाफ जालसाजी का मामला कायम कर लिया।

## बीज संघ के उत्पाद नये ब्रॉन्ड नेम और आकर्षक लोगो के साथ करें विक्रय

### सहकारिता मंत्री श्री सारंग की अध्यक्षता में हुई बीज संघ की संचालक मण्डल की बैठक



भोपाल (ए)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि बीज संस्थाओं द्वारा प्रमाणित बीज के विपणन का कार्य नये ब्रॉन्ड नेम के साथ किया जाए। इसके लिये आकर्षक लोगो तैयार किया जाए। मंत्री श्री सारंग मंगलवार को मंत्रालय में राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ के संचालक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान और अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पैक्स, अन्य सहकारी संस्थाओं तथा निजी व्यवसायियों के माध्यम से स्थानीय कृषकों को प्रमाणित बीज विपणन का कार्य हो। उन्होंने विपणन विशेषज्ञ एवं बीज उत्पादन से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ की सेवायें लेने को भी कहा। उन्होंने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर आवश्यक ध्यान दिया जाये। इस कार्यवाही से पैक्स के 32 लाख कृषक सदस्यों, बीज सहकारी संस्थाओं के सदस्यों एवं अन्य कृषकों को बीज संघ द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बीज सोसायटियों को नवाचार विंग से जोड़े। कहाँ कौन-सी सोसायटी विकसित करना है। उसकी डीपीआर तैयार करें। बीज सोसायटियों की रेटिंग भी की जाये। श्री सारंग ने कहा कि बिजनेस मॉड्युल तैयार करें और बिजनेस डेव्लपमेंट सेंटर का सेट-अप बनाए।

### गुणवत्तापूर्ण बीज से फसलों की उत्पादन क्षमता में होगी वृद्धि

मंत्री सारंग ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग से किसानों के फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की खेती को उत्कृष्ट करने के लिए बीज संघ अपने ब्रांड के साथ गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराएगा। इसके लिए बीज संघ द्वारा विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाए। मंत्री सारंग ने कहा कि बीज संघ गुणवत्ता, विश्वसनीयता, स्थिरता और जलवायु अनुकूल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि, बीज संघ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिक विकास केन्द्र स्थापित कर उनके माध्यम से अपनी गतिविधि संचालित करेगा। बीज संघ उत्पादित बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये बीज उत्पादन के विशेषज्ञों की सेवाऐं लेकर कृषकों को बीज उत्पादन के प्रशिक्षण एवं वांछित आदान उपलब्ध कराने की कार्यवाही करेगा। इससे प्रदेश के कृषकों के फसल उत्पादन में उत्पादन में वृद्धि के साथ उनकी आय में वृद्धि हो सकेगी।

बीज संघ द्वारा निर्मित गोदाम सह ग्रेडिंग संयत्रों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिये बीज उत्पादक सहकारी समितियों के अतिरिक्त अन्य सहकारी समितियों को भी लीज पर देने का निर्णय लिया गया। गोदाम सह ग्रेडिंग संयत्रों का उपयोग सहकारी क्षेत्र से जुडे कृषकों द्वारा भी उत्पादित बीज/फसल के गुणवत्ता में सुधार के लिये किया जा सकेगा। इससे कृषकों को उत्पादित फसल का लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सकेगा। यह भी निर्णय लिया गया की बीज संघ को सक्षम बनाने एवं कृषकों के हित में कार्य करने के लिये बीज संघ की एक विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर क्रियान्वयन करे।

बैठक में प्रबंध संचालक मार्कफेड आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प, संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अजय गुप्ता, प्रबंध संचालक बीज संघ महेन्द्र दीक्षित उपस्थित थे।

## जन शिकायत शिविर में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का किया निवारण

गुना (आरएनएस)। गुना जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को जन शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण करने हेतु निरंतर निर्देशित किया जा रहा है । इसके साथ ही जिले में पुलिस से संबंधित सी.एम. हेल्पलाईन की लंबित विभिन्न शिकायतों के निराकरण हेतु प्रत्येक माह शिकायत निवारण शिविर लगाकर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये । आज 17 फरवरी सोमवार को प्रातः 11:00 बजे गुना पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर सहित जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी सीएसपी गुना भरत नोटिया,एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमति दीपा डोडवे, एसडीओपी चांचौड़ा श्रीमति दिव्या सिंह राजावत एवं एसडीओपी धरनावदा युवराज सिंह चौहान के साथ सीएम हेल्पलाईन पर शिकायतों के विभिन्न शिकायतकर्ताओं को समक्ष में गंभीरता से सुना गया एवं जिनकी शिकायतों पर विधिसंगत कार्यवाही कर शिकायतों का निराकरण किया गया। आज जन शिकायत निवारण में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के 31 आवेदकों को सुना गया और इस दौरान 13 शिकायतो का शिविर में ही विधिवत निराकृत किया गया एवं शेष शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# विधायक श्रीमती पाठक ने मौहरिया में 141.70 लाख के स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन किया

### स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को निखारने में सहायता मिलेगी : विधायक सीधी




सीधी (आरएनएस)। विधायक श्रीमती रीती पाठक द्वारा ग्राम मौहरिया में नवीन स्टेडियम निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी द्वारा मौहरिया में 141. 70 लाख रुपये लागत से नवीन स्टेडियम का निर्माण किया जावेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह एवं देव कुमार सिंह चौहान की विशिष्ट उपस्थिति रही। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की सरकार सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।

स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को निखारने में सहायता मिलेगी। क्षेत्र के युवाओं की क्षमता में वृद्धि होगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग के आधार पर क्षेत्र का सतत विकास किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। विकास का काम धरातल पर दिखेगा जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, ग्राम पंचायत मौहरिया की सरपंच शिवकुमारी सिंह, उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, अमन पाठक, पुष्पराज सिंह, सहित जनप्रतिनिधिगण, एसडीओ आरईएस, उपयंत्री, एपीओ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बागेश्वर धाम पहुंचे सीएम मोहन यादव, पीएम मोदी के दौरे से पहले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

छतरपुर (आरएनएस)। बागेश्वर धाम पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव , 23 तारीख को बागेश्वर धाम आ रहे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, इस दौरान बागेश्वर धाम महाराज और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह रहे मौजूद, मुख्यमंत्री बोले बागेश्वर धाम में बनने वाला कैंसर अस्पताल सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

## खरगोन में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज में मारा छापा

खरगोन (आरएनएस)। जिले के भीकनगांव में आज अलसुबह आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। भीकनगांव के कॉटन व्यवसायी के प्रतिष्ठानों सहित आवास पर आयकर विभाग ने छापा मारा हैं। आयकर की टीम ने झिरन्या रोड स्थित अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज में छापेमारी की। अनंत एग्रो एजेंसी का भीकनगांव के अलावा खंडवा और इंदौर में भी व्यापार है। यह अनंत एग्रो फैक्ट्री राम स्वरूप अग्रवाल की है।- अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज पर आयकर विभाग की दबिशआयकर विभाग की टीम के द्वारा अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज कंपनी के मालिक राम स्वरूप अग्रवाल के आवास और कंपनी परिसर में एक साथ कार्रवाई की गई। आज मंगलवार अलसुबह करीब 4:30 बजे 10 से अधिक अधिकारी दो अलग-अलग वाहनों में सवार होकर भीकनगांव पहुंचे बताया जा रहा है कि कर चोरी का बड़ा खुलासा हो सकता है। करीब एक दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी दस्तावेज खंगाल रहे है। फिलहाल डॉक्यूमेंट्स की जांच पड़ताल जारी है।

## बगीचे से मिला युवक का जला हुआ शवः 23 वर्षीय युवक की हत्या की आशंका, डॉग स्क्वॉड कर रही जांच

सतना (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सतना जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. रामपुर बाघेलान तहसील की बेला बैरपार बस्ती से लगे एक बगीचे में सोमवार को एक युवक का जला हुआ शव मिला. मृतक की पहचान रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजनाथ निवासी 23 वर्षीय प्यारेलाल केवट के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बेला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. रामपुर बघेलान के थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि जिस स्थान पर शव मिला है, वहीं पर मृतक का खेत भी स्थित है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की टीम को भी मौके पर बुलाया.

पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है. पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और सभी संभावित पहलुओं की जांच में जुटी है. अधजले शव की स्थिति को देखते हुए मामले में कई संदिग्ध बिंदुओं की जांच की जा रही है.

## गोलियों की धांय-धांय से गूंजा बाजारः दिनदहाड़े बदमाशों ने की 3 दुकान में ताबड़तोड़ फायरिंग, बाल-बाल बचे लोग

दतिया (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में दतिया के टाउन हॉल बाजार में दिनदहाड़े बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। बदमाशों ने एक दो नहीं बल्कि तीन दुकानों पर फायरिंग की। जिससे दुकानों के काउंटर और दीवारों पर कारतूस के निशान बन गए। गनीमत रही कि घटना में किसी को गोली नहीं लगी। बताया जा रहा है कि यह फायरिंग की घटना पुरानी रंजिश के चलते की गई। एक महीने पहले हुए विवाद के बाद बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना के समय बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन गनीमत रही की घटना में कोई घायल नहीं हुआ। नहीं तो यह बाजार काफी भीड़भाड़ वाला क्षेत्र रहता है। वहीं दुकान पर बैठी एक महिला व एक युवक घटना में बाल-बाल बचे। दुकान के अंदर गोली घुसी, तो एक गोली ने दुकान के अंदर कांच तोड़ देखा। वहीं दूसरी गोली होर्डिंग में जा घुसी। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# रतलाम पुलिस की बडी सफलता, धानमण्डी की किराना दुकान में हुई लाखों की चोरी का मामला सुलझाया, महंगी फारचूनर गाडी चुराने वाले चोर को भी धर दबोचा

रतलाम, (आरएनएस)। पुलिस ने चोरी की दो बडी वारदातों को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। करीब एक पखवाडे पहले शहर के मुख्य बाजार धानमण्डी की एक किराना दुकान में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने चोरी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है,वहीं दो दिन पहले जावरा रोड से चुराई गई महंगी फारचूनर गाडी को बरामद करते हुए चोरी में लिप्त मुंबई निवासी आरोपी को भी धर दबोचा है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पुलिस कंट्रोल रुम पर आयोजित प्रेसवार्ता में दोनो उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। एसपी अमित कुमार ने बताया कि जावरा रोड पर स्थित सृजन कालेज के समाप रिची क्रेन सर्विस का आफिस है। बिगत 16 फरवरी को रिची क्रेन सर्विस के बाहर खडी 48 लाख रु.कीमत की फारचूनर गाडी क्र.एमपी 43 सीबी 4942 किसी ने चुरा ली। शहर की औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने फरियादी गुरप्रीतसिंह पिता सुरेन्द्र सिंह धीमन की रिपोर्ट पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन प्रारंभ की।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक करने के साथ ही अन्य तकनीकी जांच के आधार पर फारचूनर की चोरी में आशुतोष पिता राजीव पाठक 24 नि. बोरीवली मुंबई के लिप्त होने के संकेत मिले। उक्त संदेही की लोकेशन भी तकनीकी जांच के आधार पर ढूंढी गई। पुलिस को पता चला कि संदेही सागर जिले के कुंदरु गांव के आसपास छुपा हुआ है। रतलाम पुलिस ने सागर पुलिस के साथ इन जानकारियों को साझा किया और सागर पुलिस की मदद से आरोपी को कुंदरु के जंगल से धर दबोचा। आरोपी ने फारचूनर गाडी की नम्बर प्लेट बदलकर गाडी को भी जंगल में छुपा दिया था। कडी पूछताछ के बाद फारचूनर गाडी को जप्त कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने रतलाम के रेल नगर से एक मोटर साइकिल चुराने की बात भी स्वीकार की। उसने बताया कि फारचूनर की चोरी को अंजाम देने के लिए रैकी करने के लिए उसने मोटर साइकिल चुराई थी। फारचूनर चुराने के बाद उसने मोटर साइकिल को रतलाम में ही रेल नगर में छुपा दिया था। पुलिस ने उक्त मोटर साइकिल भी बरामद कर ली है। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी आशुतोष के खिलाफ पहले भी मुंबई में लूट का एक मामला दर्ज है।चोरी की इस वारदात का खुलासा करने में अति. पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया ,थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम के थाना प्रभारी उनि. वी.डी.जोशी ,उनि.रायसिह परमार, सउनि. प्रदीप शर्मा,सउनि.कैलाश सैनी,प्रआर 104 नौशाद खान ,आरक्षक 289 रवि चंदेल, आर.682 महेन्द्रसिंह आर 15 अभिषेक पाठक ,आर 161 अर्जुन खिंची, आर.189 विजय वसुनिया,आर 950 लंकेश पाटीदार,आर 971 सुमित बघेल एवं थाना खुरई शहर/ग्रामीण जिला सागर के निरीक्षक शशी विश्वकर्मा ,आर 1329 जयेन्द्रसिह सेंगर,आर 1537 सुरज शर्मा,आर 1315 शिवकरणसिह तोमर,आर 1805 सचिन यादव,आर 1487 सुरत प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस द्वारा अर्जित दूसरी उपलब्धि की जानकारी देते हुए एसपी अमित कुमार ने बताया कि बिगत 28-29 जनवरी की दरम्यानी रात को धानमण्डी स्थित पवन किराना भण्डार नामक दुकान के शटर का ताला तोडकर अज्ञात व्यक्ति दुकान में गल्ले में रखे करीब पांच लाख रु.चुरा कर ले गए थे। इस मामले में फरियादी की रिपोर्ट पर माणकचौक पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी।

## व्यापार समाचार

## एसबीआई की जननिवेश एसआईपी में करिए सिर्फ 250 रुपये से निवेश, होगा बंपर लाभ

नई दिल्ली,(आरएनएस)। एसबीआई एमएफ ने एसबीआई जननिवेश एसआईपी नामक एक नई वेल्थ क्रिएशन प्लान शुरू की. भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से एसबीआई म्यूचुअल फंड ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच और भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में एसबीआई जननिवेश एसआईपी शुरू किया.

एसबीआई और एसबीआई म्यूचुअल फंड ने संयुक्त बयान में कहा कि एसआईपी योजना का उद्देश्य म्यूचुअल फंड को व्यापक लोगों तक पहुंचाना है. सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच ने कहा कि यह देखना अद्भुत है कि पूरा इकोसिस्टम एक साथ आ गया है. बुच ने कहा कि इस तरह के कम लागत वाले निवेशों से लाखों भारतीय परिवारों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है.

एसबीआई जननिवेश एसआईपी पर टिप्पणी करते हुए बुच ने कहा यह प्रति माह 3 डॉलर के निवेश जैसा है.

जननिवेश एसआईपी मात्र 250 रुपये से शुरू होने वाले लचीले एसआईपी विकल्प देता है, जिसमें दैनिक, साप्ताहिक और मासिक निवेश योजनाएं शामिल हैं. यह कम प्रवेश सीमा व्यक्तियों के लिए अपनी निवेश यात्रा शुरू करना आसान बनाती है. यह सुविधा एसबीआई योनो प्लेटफॉर्म और पेटीएम, ग्रो और जीरोधा जैसे अन्य फिनटेक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी. इससे यह सुनिश्चित होगा कि निवेशक परिचित डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से अपने निवेश तक आसानी से पहुंच और प्रबंधन कर सकें. जननिवेश एसआईपी को लागत प्रभावी बनाने, टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने और सभी हितधारकों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

## इनकम टैक्स ऐसी संपत्ति और आय छिपाने पर लगाएगा 10 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली,(आरएनएस)। इनकमट टैक्स डिपार्टमेंट ने चेतावनी दी है कि इनकमट टैक्स रिटर्न में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेश में अर्जित आय का खुलासा न करने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है. एंटी ब्लैक मनी लॉ के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है. आयकर विभाग ने अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत करदाताओं के लिए सार्वजनिक परामर्श पत्र जारी किया है. इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि करदाता इस साल आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में ऐसी जानकारी दर्ज करें और किसी भी तरह की जानकारी न छिपाएं. कंसल्टेंसी लेटर में स्पष्ट किया गया है कि भारत के कर निवासी के लिए पिछले साल कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना जरूरी है. इसके तहत अगर वे टैक्स से जुड़ी किसी गतिविधि में शामिल रहे हैं तो भारत में उन पर टैक्स देनदारी बनेगी और इसे आईटीआर में शामिल करना जरूरी है। विदेशी परिसंपत्तियों में बैंक खाता, नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिक अनुबंध, किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय हित, अचल संपत्ति, इक्विटी और लोन हित, ट्रस्ट जिसमें व्यक्ति ट्रस्टी है, सेटलर का लाभार्थी, हस्ताक्षर प्राधिकार वाले खाते, संरक्षक खाता, विदेश में रखी गई कोई पूंजीगत लाभ वाली परिसंपत्ति आदि शामिल हैं. सीबीडीटी ने कहा था कि अभियान के तहत वह सबसे पहले उन निवासी करदाताओं को एसएमएस और ईमेल भेजेगा, जिन्होंने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपना आईटीआर पहले ही दाखिल कर दिया है. यह ऐसे करदाताओं को भेजा जाएगा, जिनकी पहचान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत प्राप्त सूचनाओं के जरिए की गई है. आयकर विभाग ने कहा कि इस मानदंड के तहत आने वाले करदाताओं को अपने आईटीआर में अनिवार्य रूप से विदेशी संपत्ति-विदेशी संपत्ति (एफए) या विदेशी स्रोत से आय (एफएसआई) अनुसूची भरनी होगी.

# भारत की जीडीपी वृद्धि 2024-25 की तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली,(आरएनएस)। बैंक ऑफ बड़ौदा की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जीडीपी 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो 2023-24 की इसी तिमाही के 8.6 प्रतिशत आंकड़े से धीमी है। हालांकि, जीडीपी कृषि, सरकारी खर्च और सेवाओं के समर्थन से मजबूत बनी हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि आर्थिक स्थिरता का एक प्रमुख चालक सरकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में वृद्धि है, जबकि वित्तीय क्षेत्र और ग्रामीण मांग में लचीलापन बना हुआ है।

इसमें कहा गया है कि सरकार का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 47.7 प्रतिशत हो गया है ( वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के 24.4 प्रतिशत से ऊपर) जिसके कारण राजमार्गों, बंदरगाहों और रेलवे जैसे क्षेत्रों में निर्माण गतिविधि में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियों और आय पैदा हो रही हैं।रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्तीय क्षेत्र उच्च ऋण और जमा वृद्धि के साथ सकारात्मक बना हुआ है, जबकि ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है, जो ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बढ़ती बिक्री से प्रदर्शित होता है।

तीसरी तिमाही के दौरान कृषि विकास दर बढ़कर 4.5 प्रतिशत होने की




उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह सुधार बेहतर खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत रबी रकबे के कारण है।रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए सेवा क्षेत्र में समग्र वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 7.1 प्रतिशत से थोड़ा ही कम है।

व्यापार और आतिथ्य क्षेत्र में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसे अनुभव अर्थव्यवस्था का समर्थन प्राप्त है, जबकि वित्तीय क्षेत्र में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक विकास में नरमी आ रही है, जिसका कारण उच्च आधार प्रभाव है इसमें औद्योगिक विकास में नरमी आने की उम्मीद है, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 10.2 प्रतिशत से कम होकर 5.9 प्रतिशत हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि के 11.5 प्रतिशत से धीमी होकर 6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो कि उच्च आधार प्रभाव और कम कॉर्पोरेट आय (विशेष रूप से कच्चे तेल, इस्पात और ऑटो क्षेत्रों में) से प्रभावित है। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर भी एक साल पहले की अवधि के 7.5 प्रतिशत से घटकर 3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता से होने वाले नकारात्मक जोखिम पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, लेकिन वैश्विक चुनौतियों से प्रभावित है, जिसमें मुद्रा और बाहरी क्षेत्र पर दबाव है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 86.96 रुपये पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नीचे आकर 86.96 पर आ गया। यह



गिरावट विदेशी कोषों की लगातार निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के चलते आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर/रुपये की जोड़ी के लिए नकारात्मक रुझान है, क्योंकि विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली जारी रखे हुए हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का समर्थन धीरे-धीरे कम हो रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 86.94 पर खुला और फिर गिरकर 86.96 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे कमजोर होकर 86.88 पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि केंद्रीय बैंक के उपायों और संभावित अमेरिकी शुल्क की अनुपस्थिति ने व्यापार संबंधी चिंताओं को कम कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बनी हुई हैं। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 फीसदी की बढ़त के साथ 106.90 पर

# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद



मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मामूली गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है।आज इंट्रा डे कारोबार के दौरान बाजार आधा फीसदी से ज्यादा गिर गया था पर इसके बाद आईटी, बिजली, और धातु शेयरों में तेजी से बाजार काफी हद तक उबरने में सफल रहा।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 76.85 अंक या 0.10 फीसदी बढ़कर 76,073 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 75,531 अंक तक नीचे आया पर अंत में सेंसेक्स काफी हद तक उबरने के बाद 45.78 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी टूटकर 75,951 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज हल्की बढ़त के साथ खुला। पर इसके बाद इसमें गिरावट आने लगी। अंत में ये 22,801 के स्तर तक नीचे खिसक गया। अंत में इंडेक्स 14.20 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी की गिरावट लेकर 22,945.30 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 2.38 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। अल्ट्रा सीमेंट, महिंद्रा एन्ड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टीसीएस, सनफार्मा, आईटीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेण्ट प्रमुख रूप से गिरावट में रहे।

दूसरी ओर एनटीपीसी का शेयर लगभग 3 फीसदी उछलकर बंद हुआ। साथ ही टेक महिंद्रा, जोमैटो, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक के शेयर भी ऊपर आया।

वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया के कोस्पी, टोक्यो के निक्की 225 और हांगकांग के बाजारों में तेजी रही जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट निचले स्तर पर रहा। यूरोपीय बाजार भी अधिकतर निचले स्तर पर रहे। वहीं सोमवार को 'राष्ट्रपति दिवस' की वजह अमेरिकी शेयर बाजार बंद रहे। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने सोमवार को 3,937.83 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अविश्वास प्रस्ताव के भय से इस्तीफा

पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी।

बीते दो वर्षो से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा।

नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं।खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की।आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकरते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के रांची में प्रोजेक्ट बिल्डिंग में रांची विश्वविद्यालय के नए परिसर और रांची विज्ञान केंद्र के इनोवेशन लैब का शिलान्यास किया.

# पथरीली और बंजर जमीन हरी-भरी

**भारत डोगरा**

किसी भी किसान के लिए बहुत उत्साहवर्धक स्थिति है कि पथरीली और बंजर पड़ी भूमि हरी-भरी फसलों से मुस्कराने लगे और यह उत्साह आज राजस्थान के करौली जिले के अनेक किसानों में दिखाई दे रहा है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है और बहुत सी जमीन पथरीली होने के साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अत- उनकी जमीन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बंजर पड़ा था।

इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और फिर श्रमदान करते हुए वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जल संकट को कुछ हद तक कम किया। आगे वे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल-स्रोतों से मिट्टी हटवा कर खेतों में डलवाई। इससे जल-स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा और खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेढ़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सब का मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ और विमला अपने हरे-भरे सब्जी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि 'सृजन' ने बीज, पौधों और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण द्वारा सहायता दी। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुनी मिल रही है। विविध सब्जियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है, जिससे आय भी होती है और पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर और मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है। इसी गांव के किसान मान सिंह बताते हैं कि 'सृजन' ने उनके जैसे कुछ किसानों को सोलर पंप सेट लगाने में सहायता दी और कुछ अन्य को सरकारी विभागों से यह सब्सिडी सहित प्राप्त करने में सहयोग भी दिया। इनके सोलर पंप बहुत कामयाब हैं और डीजल के खर्च में भी बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खचरे में बहुत कमी आई है।

इसी प्रखंड में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं, और नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है और थोड़ा सा आगे जाकर मध्य प्रदेश के मुरैना जिले या चम्बल क्षेत्र के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अत: यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते और बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत



से जमीन को समतल कर इस कठिन स्थिति को संभालते हैं। यहां 'सृजन' के प्रयासों ने किसानों की हिम्मत को बहुत बढ़ा दिया है। गांव की महिलाओं ने सामूहिक चर्चा में बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में जल-संरक्षण कार्य 'सृजन' की सहायता से हुए हैं जिससे जल-स्तर में सुधार हो रहा है। भूमि का समतलीकरण और मेढ़बंदी को भी बढ़ाया गया है और प्राकृतिक खेती का प्रसार किया गया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टेयर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है और इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता और उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों और सब्जियां सब हो रहे हैं। 'सृजन' के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी मजबूती का संबंध बना है और सिलाई की मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है। खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है और जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में पानी फसल के लिए लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए। इसी ब्लॉक में स्थित तीन पोखर गांव पथरीली भूमि और पानी की कमी के अतिरिक्त जंगली जानवरों के प्रकोप से त्रस्त रहा है।

यहां की बहुत कठिन स्थितियों को देखते हुए अनेक संस्थाओं ने जल-संरक्षण का कार्य किया। हाल के समय में 'सृजन' ने 8 पोखर बनवाए, 18 पोखरों को गहरा किया, मेढ़ पक्की की और अन्य सुधार किए। प्राकृतिक खेती का प्रसार किया और सरकारी सहायता प्राप्त करने में सहयोग किया। इसका असर यह हुआ है कि विकट परिस्थितियों और विशेषकर जंगली पशुओं संबंधी बढ़ती कठिनाइयों के बावजूद कुछ किसान बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में जुटे हैं और खेत से पत्थर हटाने, समतलीकरण, उपजाऊ मिट्टी डलवाने के कार्य 'सृजन' जैसी संस्थाओं के सहयोग से कर रहे हैं। सपोटरा ब्लॉक में कैला देवी धार्मिक स्थल से आगे पहाड़ी वनीय क्षेत्र इस जिले में अधिक हैं। यहां के मार्ग बहुत कठिन हैं और गांव दूर-दूर तक बिखरे हुए हैं। ऐसे बड़े क्षेत्र प्राय- नजर आते हैं जहां सिंचाई मिलने से खेती हो सकती है पर पानी के अभाव में भूमि बंजर पड़ी है।

अपने सीमित संसाधनों के आधार पर 'सृजन' ने ऐसे अनेक गांवों को चुना है और बड़ी संख्या में पोखर बनवाए हैं या पहले से बने पोखरों का सुधार किया है और उनकी सफाई के दौरान प्राप्त मिट्टी से खेतों को अधिक उपजाऊ बनाया। रावतपुरा एक ऐसा ही गांव है जहां 'सृजन' ने वर्ष में लगभग 13 नये जल स्रोत या पोखर बनवाए और लगभग इतने ही पहले से बने पोखरों का सुधार भी किया। इस कार्य के फलस्वरूप लगभग 200 एकड़ बंजर भूमि पर खेती होने लगी और लगभग इतनी ही भूमि पर एक के स्थान पर दो फसल होने लगीं और उत्पादकता भी बढ़ गई। जहां पहले वष्रा आधारित धान होता था, वहां रबी की फसल में भी गेहूं, चने, सरसों का उत्पादन होने लगा। पहले अपना पेट भरने लायक अनाज भी किसान प्राप्त नहीं कर रहे थे, वहां अब व्यापारी गांव में आकर ही गेहूं, सरसों आदि खरीदने लगे। एक किसान देवी सिंह की लगभग आधी भूमि बंजर पड़ी थी पर अब इस भूमि पर भी खेती हो रही है, फसल लहलहा रही है।

किसान इन विभिन्न विकास कार्य में लगभग एक तिहाई आर्थिक सहयोग स्वयं देने को तैयार रहते हैं जबकि लगभग दो तिहाई सहयोग 'सृजन' की ओर से किया जाता है। जिन किसानों के लिए अपना सहयोग देना कठिन हो उनके लिए आपसी बातचीत से कोई समाधान निकाल लिया जाता है। इस तरह समुदायों के साथ नजदीकी भागेदारी से कार्य करते हुए और इस आधार पर जल-स्रोतों के निर्माण, पुराने जल-स्रोतों के सुधार, मेढ़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि के कार्य से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की बड़ी संभावनाएं उत्पन्न होती हैं। 'सृजन' के टीम लीडर भवानी सिंह के अनुसार पांच वर्षो के प्रयास में प्रखंडों में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती की प्रगति संभव हुई और 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नये पोखर बनाए गए। ग्रामीण समुदायों की उत्साहवर्धक भागेदारी प्राप्त हो जाने से यह कार्य बहुत कम बजट पर हो सका और इस तरह बंजर भूमि को हरा-भरा करने के इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

# यूरोप को राजनीतिक और कूटनीतिक झटके

**डॉ. दिलीप चौबे**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद राजनीतिक और कूटनीतिक झटके यूरोप में महसूस किए जा रहे हैं। जर्मनी के शहर म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के भाषण ने यूरोप के सत्ता प्रतिष्ठानों को हिला दिया है।

कुछ महीने पहले तक अमेरिका यूरोप के नेता एक ही सुर में बोलते थे। यूक्रेन युद्ध सहित अनेक विश्व मामलों में दुनिया को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बजाय आग में घी डालने का काम किया। यूक्रेन, रूस और यूरोप को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वायदे के अनुसार कार्यकाल के आरंभ में ही युद्ध समाप्त कराने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में ठोस पहल की। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से लंबी बातचीत की। ट्रंप का शांति फार्मूला है यूक्रेन में तुरंत युद्ध विराम हो तथा बातचीत शुरू हो। रूस को भरोसा दिलाया जाए कि यूक्रेन को कभी पश्चिमी देश सैन्य संगठन नाटो एवं सदस्य नहीं बनाया जाएगा। वास्तव में कुछ वर्ष पहले यदि यह घोषणा की गई होती तो युद्ध शुरू ही नहीं होता। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग सेथ ने नाटो की बैठक में अमेरिका के इसी रवैये को दोहराया जो यूरोपीय सदस्य देशों को नागवार गुजरा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खुलकर ट्रंप प्रशासन का विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि पर्दे के पीछे वह अमेरिका के खिलाफ यूरोपीय देशों की लामबंदी का प्रयास कर रहे हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का संबोधन यूरोप की सरकारों और नेताओं की नीतियों पर खुला प्रहार था। उन्होंने इन देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अपनाई जा रही पाखंडपूर्ण नीतियों की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोप को रूस और चीन सहित बाहरी शक्तियों के बजाय घरेलू ताकतों से असल खतरा है। जेडी वेंस ने आरोप लगाया कि यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने की कोशिश की जा रही है जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्तोरियस ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। वास्तव में आव्रजन, इस्लामी कट्टरवाद, गर्भपात, पर्यावरण और वैक्सीन आदि मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन तथा यूरोपीय नेताओं में मतभेद है।

पिछले चुनाव में अमेरिकी मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ ट्रंप को भारी जनादेश दिया था। ट्रंप प्रशासन अब इन्हीं नीतियों को अन्य देशों में फैलाना चाहता है। उपराष्ट्रपति वेंस का संबोधन ऐसे समय सामने आया है जब जर्मनी में आम चुनाव होने वाले हैं। चांसलर शोल्ज को कड़ी चुनौती का सामना है। यूरोप की अन्य देशों की तरह जर्मनी में भी आव्रजन और इस्लामी कट्टरवाद विरोधी राजनीतिक दलों की ताकत बढ़ रही है। जर्मनी के दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी दल एडीएफ की ताकत में इजाफा हो रहा है। मस्क एडीएफ का समर्थन कर रहे हैं। जर्मनी और यूरोप के अन्य देशों में यह धारणा बन रही है कि ट्रंप प्रशासन चुनाव में दखलअंदाजी कर रहा है।यह विडंबना है कि कुछ दिन पहले जो यूरोपीय देश अन्य देशों को अभिव्यक्ति की आजादी की नसीहत दे रहे थे, वे आज खुद कठघरे में खड़े हैं। वास्तव में पश्चिम का वर्चस्ववादी वैंकि तंत्र सूचना युद्ध पर टिका था। सूचना के सभी माध्यमों पर इन देशों का एकाधिकार था। किसी भी मुद्दे पर घरेलू और विदेशी मोर्चे पर जनमत का निर्माण करने के लिए इस सूचना तंत्र का इस्तेमाल किया जाता था।

ट्वीटर, फेसबुक और व्हाट्सएप आदि के प्रचलन के बाद लोगों को सूचना के वैकल्पिक माध्यम हासिल हुए। एलन मस्क ने ट्वीटर का स्वामित्व हासिल करने के बाद इसे आंतरिक सेंसरशिप से मुक्त किया। वास्तव में भारत पश्चिमी देशों के सूचना एकाधिकार के दुष्परिणाम का भुक्तभोगी रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहते रहे हैं कि भारत और उसकी सरकार की छवि खराब करने के लिए सुनियोजित अभियान चलाया जाता है। जयशंकर ने कुछ वर्ष पूर्व इसी म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि यूरोपीय देश यह मानते हैं कि इस महाद्वीप की समस्या विव्यापी है जबकि अन्य देशों की समस्याओं से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने प्रकारांतर से जयशंकर के तर्क को ही आगे बढ़ाया है।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है, जिससे आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आज आपके खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहेगा, ग्राफिक डिजाइन कोर्स सीखने का मौका मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। विपरीत परिस्थितियों में सूझ-बूझ से काम लेंगे तो, आज किसी समस्या का समाधान अवश्य मिलेगा। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप जोखिम भरे कामों से दूर रहें। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जाएगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। आज आपकी सोची हुई कोई योजना पूरी होगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, नहीं तो आस-पास के लोग आपका विरोध कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जीवनसाथी आज आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। नये व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में आप सोच सकते हैं, एक्सपर्ट से राय लेना न भूलें। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आज ऑफिस में आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

# भूख की कड़वी सच्चाई और भोजन की बर्बादी का समीकरण

**संजीव ठाकुर ,संकलनकर्ता, स्तंभकार, चिंतक, लेखक,**

संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2024 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता हैद्य संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2021,23 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है द्य संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है

और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैंद्य संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ हैद्य जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24त्न तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24त्न भोजन बर्बाद हुआ हैद्य पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैंद्य बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता हैद्य भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता हैद्य भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही हैद्य पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैंद्य एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की



खाने को कूड़ा करने कुसंस्कृति।

वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। झअनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बर्बादी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बर्बादी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फ अनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बर्बादी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है। हमारे द्वारा जो भोजन का अपशिष्ट पदार्थ कूड़ेदान में छोड़ दिया जाता है उसकी वजह से वैश्विक अनुसंधान से यह बताया गया है की ग्रीन हाउस गैस ने 10 से 15त्न तक का इजाफा होता है खराब पदार्थों से गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का भी खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पदार्थ को छोड़ने से वातावरण दूषित होता है एवं संक्रामक बीमारियां न सिर्फ जानवरों में बल्कि इंसानों में भी तेजी से फैलने लगती है एवं इंसान की मौत तक होने लगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि भोजन के अपशिष्ट पदार्थ इसी तरह थोड़े जाएंगे तो कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बढ़ सकता है एवं मनुष्य घुट घुट कर जीने के लिए मजबूर हो सकता है। भारत विशेष के संदर्भ में यह केवल देश के नागरिकों को ही सलाह दी जा सकती है कि वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा गरीबी वाले देश में अनाज एवं भोजन की बर्बादी से बचें जिससे अनाज का सदुपयोग भूखे तथा जरूरतमंदों को मुहैया कराया जा सके एवं अपशिष्ट पदार्थों छोड़ने से ग्लोबल वार्मिंग तथा हानिकारक संक्रमण से बचा जा सकेगा।



## फरीदकोट में ट्रक से टकराने के बाद बस नाले में गिरी, 5 की मौत, कई घायल

फरीदकोट,(आरएनएस)। पंजाब में कोटकपूरा रोड पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है. हादसे में तेज रफ्तार बस की ट्रक से टक्कर हो गई जिसके बाद बस नाले में गिर गई. हादसे के वक्त बस यात्रियों से भरी हुई थी. इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. राहत बचाव कर्मियों ने 26 लोगों की जान बचाई।

बस दुर्घटना के दौरान सुरक्षित बाहर निकले एक व्यक्ति ने बताया, बस की गति बहुत तेज थी, जिसके कारण वह ट्रक से टकरा गई. टक्कर के बाद बस नहर में गिर गई, फिर क्या हुआ कुछ पता नहीं चला. लोगों ने मुझे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटनास्थल पर पहुंची एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि 26 यात्रियों को निकाला गया है, वे सुरक्षित हैं. शुरुआती जानकारी के अनुसार 5 लोगों की मौत हुई है. उन्होंने कहा कि किन कारणों से दुर्घटना हुई इसके बारे में बता पाना अभी जल्दबाजी होगी, फिलहाल राहत बचाव कार्य पर फोकस है।

आपको बता दें कि यह बस कोटकपूरा से फरीदकोट आ रही थी और सेमनाला से पहले सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई. टक्कर के बाद बस रेलिंग तोड़ते हुए सेमनाला में गिर गई. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया. फिलहाल बस को नाले से बाहर निकाल लिया गया है।

## फर्स्ट ईयर के छात्र से रैगिंग मामले में सात छात्रों पर मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम, (आरएनएस)। करयावट्टम सरकारी कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के छात्र की रैगिंग की गई. कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की और पुष्टि की कि रैगिंग हुई थी. रैगिंग के शिकार छात्र ने कॉलेज प्रिंसिपल और कझाकुट्टम पुलिस में घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी. इसके बाद एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की.शिकायत स्नातक तृतीय वर्ष के सात छात्रों के खिलाफ की गई थी. सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों की जांच के बाद पाया गया कि रैगिंग हुई थी. 11 फरवरी को सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था. पीड़ित के दोस्त को सीनियर छात्रों ने पीटा, जिससे वह घायल हो गया.कझाकुट्टम पुलिस ने दोनों समूहों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया था. शिकायत में कहा गया है कि सीनियर अभिषेक की तलाश में आए, पीड़ित छात्र को पकड़ लिया, उसे यूनियन रूम में ले गए और एक समूह में उसकी पिटाई की.पीड़ित छात्र की शर्ट फाड़ दी गई, उसे घुटने टेकने पर मजबूर किया गया और पीठ और गाल पर मारा गया. जब पीड़ित छात्र फर्श पर गिर गया, तो उसे फिर से पीटा गया. पीड़ित छात्र ने यह भी कहा कि जब उसने पानी मांगा, तो उन्होंने उस पर थूका और फिर उसे बोतलबंद पानी दिया. इसके बाद पीड़ित छात्र ने कझाकुट्टम पुलिस और प्रिंसिपल के पास शिकायत दर्ज कराई.शिकायत में सात सीनियर छात्रों के खिलाफ रैगिंग करने का आरोप लगाया गया है. प्रिंसिपल ने समिति के निष्कर्षों के आधार पर कल कझाकुट्टम पुलिस को एक रिपोर्ट सौंपी. प्रिंसिपल की रिपोर्ट के आधार पर, कझाकुट्टम पुलिस ने पुष्टि की कि सात छात्रों के खिलाफ रैगिंग का मामला दर्ज किया गया है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर बांग्लादेशी नागरिकों की मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर(ए)। राजधानी रायपुर में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने सत्कार कंप्यूटर सेंटर के संचालक मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है, जो पैसों के बदले फर्जी मार्कशीट, वोटर आईडी, पासपोर्ट और अन्य सरकारी दस्तावेज तैयार करता था। आरोपी के सेंटर पर छापेमारी के दौरान पुलिस को बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेजों का जखीरा मिला, जिससे इस अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ। टिकरापारा थाना क्षेत्र में चल रहे इस गोरखधंधे का खुलासा तब हुआ जब बीते 10 फरवरी को रायपुर में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों- मोहम्मद स्माईल, शेख साजन और शेख अकबर को एंटी टेररिज्म स्क्वाड ( ATS) ने गिरफ्तार किया। जांच के दौरान इन तीनों के पास से फर्जी दस्तावेज बरामद हुए, जिसके आधार पर टिकरापारा थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जब इन आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पास मौजूद फर्जी पासपोर्ट, वीजा, जन्म प्रमाण पत्र और मार्कशीट सत्कार कंप्यूटर सेंटर, कचहरी चौक के संचालक मोहम्मद आरिफ द्वारा तैयार किए गए थे। इस खुलासे के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने कंप्यूटर सेंटर पर छापा मारा और वहां से बड़ी संख्या में फर्जी वोटर आईडी, अंकसूची, फोटो आईडी, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान से जुड़े कूट रचित दस्तावेज जब्त किए।

# पुरी रथ यात्रा 2025: भगवान जगन्नाथ मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे एआई कैमरे

पुरी,(आरएनएस)। भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा 27 जून को होने जा रही है. विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा को व्यवस्थित तरीके से कैसे प्रबंधित किया जाए, इस पर पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में भुवनेश्वर में तैयारी बैठक हुई।

इस विशेष बैठक में पुलिस महानिदेशक ने रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को कैसे चुस्त-दुरुस्त किया जाए, इसकी समीक्षा की. इस वर्ष रथ यात्रा में भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर एआई कैमरों के जरिए नजर रखी जाएगी।

पुरी-भुवनेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्तरा चैक से लेकर पुरी तक एआई कैमरे लगाए जाएंगे. इसके साथ ही बड़ादंड, श्रीमंदिर, बीच और पुरी के मुख्य प्रवेश द्वारों पर भी एआई कैमरे लगाए जाएंगे. इस संबंध में पुलिस विभाग द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा कि किन-किन स्थानों पर एआई कैमरे लगाए जाएंगे।



पुरी एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग को उम्मीद है कि इस साल एआई कैमरों की मदद से रथ यात्रा को व्यवस्थित तरीके से मैनेज किया जाएगा. पिछली 2024 की रथ यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही ड्रोन के जरिए ट्रैफिक मैनेज और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी गई थी.पुलिस विभाग को इसमें सफलता मिलने के बाद इस साल पुलिस विभाग एक कदम और आगे बढ़कर एआई कैमरों से रथ यात्रा का प्रबंधन करेगा. पुलिस विभाग पिछले साल की गई गलतियों की समीक्षा करेगा और सुनिश्चित करेगा कि इस साल वही गलतियां न दोहराई जाएं.वर्ष 2024 की रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण तालध्वज एवं नंदीघोष रथ को खींचने के दौरान अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई थी. इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष कदम उठाए जाएंगे.हालांकि, पुलिस विभाग इस वर्ष रथ यात्रा को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए सभी कदम उठा रहा है और भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से पुरी एसपी ने उम्मीद जताई है कि इस वर्ष रथ यात्रा सुचारू रूप से आयोजित की जाएगी. हर साल ओडिशा पुलिस रथ यात्रा को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए व्यापक कदम उठाती है, लेकिन कुछ जगहों पर दूरदर्शिता की कमी के कारण कई घटनाएं भी हो रही है।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर में तीन आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की.

## झारखंड में संभावित दिल्ली जैसा हादसा रोकने की पहल

### -राज्य के सभी स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश जारी

रांची,(आरएनएस)। 26 फरवरी को महाकुंभ का समापन होने जा रहा है. देहाती त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज प्रस्थान कर रहे हैं. रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ उमड़ रही है.

पिछले शनिवार को प्रयागराज जाने के क्रम में नई दिल्ली स्टेशन पर हुए भगदड़ की वजह से 18 यात्रियों की जान चली गई थी. ऐसी स्थिति झारखंड के किसी भी रेलवे स्टेशन पर ना हो, इसको लेकर सोमवार को एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर ने जिलों के डीसी, एसपी व राज्य के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की.जिन रेलवे स्टेशनों पर महाकुंभ को लेकर भीड़ हो रही, वहां जिलावार डीएसपी रैंक के एक अधिकारी व मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी. जबकि प्रयागराज से आने या जाने वाली वाहनों में भीड़ की सूचना भी जुटाने का निर्देश एडीजी ने दिया है ताकि उनके अनुरूप ही तैयारी की जा सके.

बैठक के दौरान जिला पुलिस कंट्रोल रूम एवं स्थानीय रेलवे स्टेशन में उपलब्ध कंट्रोल रूम से



आपसी समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया. एडीजी ने निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन कंट्रोल रूम एवं उसके माध्यम से जिला पुलिस कंट्रोल रूम में उक्त स्टेशन पर आने वाली सभी महत्वपूर्ण ट्रेन विशेषकर जो बनारस या प्रयागराज की ओर जा रही हो या वहां से आ रही हो, उसकी जानकारी उपलब्ध रखना सुनिश्चित की जाए.रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर प्रतिनियुक्त प्रभारी अधिकारी, दंडाधिकारी का मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर रेलवे व जिला पुलिस कंट्रोल रूम में उपलब्ध होगा, ताकि आपसी समन्वय स्थापित कर आपातकालीन स्थिति में यथाशीघ्र यात्रियों को सहयोग एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके.

# जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश नाकाम, शोपियां से बरामद किया गया प्रेशर कुकर आईईडी



पुलवाम (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादीर आए दिन अपनी नापाक हरकतों को अंजाम देने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन घाटी की सुरक्षा में तैनात भारतीय जवान उनकी हर नापाक हरकत को नाकाम कर देते हैं. ऐसी ही हरकत एक बार फिर से दक्षिण कश्मीर के जेनपोरा शोपियां में सामने आई है. जहां से सुरक्षा बलों ने एक प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया है.इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने पुलवामा जिले के पिंगलिश नागवाड़ी तराल से भी एक आईईडी बरामद की है. आईईडी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सड़क को लोगों के आवागमन के लिए बंद कर दिया है. फिलहाल बम बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया है और आईईडी को नष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं.बता दें कि पाकिस्तान की ओर से आतंकवादी लगातार एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश करते रहते हैं. लेकिन सुरक्षा बल उनके इरादों को पूरा नहीं होने देते. हालांकि कई बार आतंकवादी अपनी इन नाकाप हरकतों में कामयाब हो जाते हैं, कई बार आतंकी एलओसी के पास आईईडी प्लांच कर देते हैं, जिससे भारतीय सैनिकों के लिए खतरा बढ़ जाता है. ऐसा ही एक मामला 11 फरवरी को सामने आया था. जबकि एलओसी के पास हुए एक आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो गए थे.इस धमाके में एक जवान गंभीर रूप से घायल भी हुआ था. ये विस्फोट 11 फरवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के आसपास हुआ था. बताया गया कि आतंकियों ने जम्मू जिले के खौर थाने के अंतर्गत केरी बट्टल क्षेत्र में एलओसी के पास आईईडी प्लांट कर रखा था.जब सेना का एक दल इस इलाके में गश्त कर रहा था तभी कुछ जवान इसकी चपेट में आ गए. जिससे आईईडी में धमाका हो गया. बता दें कि पाकिस्तान जम्मू संभाग में पिछले 10 दिन में आइईडी धमाका कर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए आठ वारदातों को अंजाम दे चुके है. वहीं भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के भी कई सैनिक मारे गए हैं.पाकिस्तान इनदिनों चौतरफा दबाव में है. क्योंकि पीएम मोदी ने पहले फ्रांस और उसके बाद अमेरिकी का दौरा किया. इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ एक साथ जुटने की बात कही गई।

## घंटाघर परिसर में मुस्कुरा रहे रंग बिरंगे फूल, फेंसिंग कर परिसर को किया गया सुरक्षित

कोरबा (आरएनएस)। शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में अब रंगबिरंगे फूल अपनी मुस्कुराहट बिखेर रहे हैं, अव्यवस्थित हो रहा उक्त परिसर अब व्यवस्थित होने की ओर अग्रसर हो चुका है, विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों से युक्त घंटाघर परिसर की सुरक्षा हेतु लोहे की जाली से फेंसिंग की जा चुकी है ताकि पेड़-पौधों एवं परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्वच्छ कोरबा-सुंदर कोरबा-अतिक्रमण मुक्त कोरबा की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जहाँ एक ओर शहर की सड़कों के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की ठोस कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की स्वच्छता साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। एक ओर जहाँ लघु उद्यानिकी एवं फूलदार पेड़-पौधों का रोपण कर चैक-चैराहों, सड़कों, डिवाईडरों व फुटपाथ को संवारा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ-सफाई, पर्यावरण व जल संरक्षण आदि के स्लोगन का दीवाल लेखन कर आमजन तक सकारात्मक संदेशों का प्रेषण करने के साथ ही सौंदर्यीकरण को भी आयाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अव्यवस्थित हो रहे शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों का रोपण निगम द्वारा किया गया है, परिणाम स्वरूप अब उक्त परिसर में रंगबिरंगे फूल खिलते-मुस्कुराते नजर आ रहे हैं।

## आधे दाम में सामान देने के धोखाधड़ी मामले में ईडी की 12 ठिकानों पर छापेमारी

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आधी कीमत पर धोखाधड़ी के मामले में राज्य भर में 12 ठिकानों पर छापेमारी की. संदिग्ध दस्तावेजों और सामानों की जांच जारी है. इस छापेमारी में धोखाधड़ी से जुड़े बड़े लोगों के ठिकानों को भी निशाना बनाया गया.


ईडी फिलहाल कोच्चि में लाली विंसेंट के घर और सस्थमंगलम में आनंदकुमार के दफ्तर की जांच में जुटी है. साथ ही, थोंनाक्कल में साई ग्राम और इडुक्की के कोलापरा में अनंथु कृष्णन के दफ्तर की भी जांच की. माना जा रहा है कि कोलापरा दफ्तर के इर्द-गिर्द ही धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. ईडी के कोच्चि दफ्तर की ओर से छापेमारी की कार्रवाई की गई.

अधिकारी अनंथु कृष्णन के प्रतिष्ठान की भी जांच की. इसमें क्राइम ब्रांच एसपी कदवंथरा में एक जांच का नेतृत्व कर रहे हैं. इससे पहले, जांचकर्ताओं ने उद्यम के कर्मचारियों को बुलाया और उनसे पूछताछ की. बताया गया है कि राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर 23 खातों के माध्यम से लगभग 450 करोड़ रुपये के लेन-देन किए गए हैं जिससे बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी का संदेह और बढ़ गया है.

कहा जा रहा है कि हजारों लोग इस घोटाले के शिकार हुए हैं. अधिकारियों को अब इस योजना से जुड़ी संभावित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों पर भी संदेह है. ईडी ने अधिक समय आनंदकुमार पर फोकस किया है. आनंदकुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के इस जाल में मुख्य भूमिका निभाने का संदेह है. रिपोर्ट बताती है कि ईडी के अधिकारियों ने धोखाधड़ी वाली आधी कीमत वाली योजना को अंजाम देने वाली एजेंसियों के दफ्तरों का भी पड़ताल किया. जांच के हिस्से के रूप में पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए.पेश मामले के मुख्य संदिग्धों में से एक अनंथु कृष्णन को दो दिनों की हिरासत में भेज दिया गया. अपराध शाखा मामले में शामिल धन के स्रोत का पता लगाने और धोखाधड़ी से संबंधित किसी भी उच्च-स्तरीय कनेक्शन को उजागर करने के लिए काम कर रही है. अनंथु ने कहा है कि वह चल रही जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं. अपराध शाखा के अनुसार कृष्णन पर आरोप है कि उसने उपभोक्ताओं को आधे दाम पर उत्पाद देने का झूठा वादा करके बड़ी रकम हड़पी है।

# यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया को गिरफ्तारी से मिली राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा-विकृत मानसिकता



नईदिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया को समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में उनकी अभद्र टिप्पणी के लिए फटकार लगाई है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सोमवार को रणवीर के खिलाफ मुंबई, जयपुर और गुवाहाटी समेत अन्य शहरों में दर्ज एफआईआर को एक साथ करने की उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई।

कोर्ट ने रणवीर से जांच में सहयोग करने को कहा है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्देश दिया कि शो के संबंध में अब कोई और प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी और रणवीर धमकियों के खिलाफ सुरक्षा के लिए पुलिस से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं।

इस दौरान कोर्ट ने कहा, लोकप्रिय होने का मतलब यह नहीं कि आप किसी भी चीज पर टिप्पणी कर सकते हैं! आप लोगों के माता-पिता का अपमान कर रहे हैं, बहन-बेटियां शर्मिंदा होंगी, पूरा समाज शर्मिंदा होगा।

कोर्ट ने कहा कि उसके (याचिकाकर्ता) दिमाग में बहुत कुछ गंदा है, जो उसने कार्यक्रम में उगल दिया, कोर्ट को उसका पक्ष क्यों लेना चाहिए?

कोर्ट ने कहा, ये अश्लीलता नहीं तो और क्या है? आप अपनी अश्लीलता कभी भी दिखा सकते हैं, नीचता दिखा सकते हैं। यदि आप इस तरह की बातें कहकर सस्ता प्रचार पाने की कोशिश कर सकते हैं, तो हो सकता है कि अन्य लोग भी धमकियां देकर सस्ता प्रचार पाना चाहें।

कोर्ट ने कहा कि उसे (रणवीर को) शर्म आनी चाहिए कि उसने अपने माता-पिता के साथ क्या किया है।

पीठ ने कहा, हम सभी यह भी जानते हैं कि उसने कहां से नकल की है, हम हाथी दांत के टॉवर में नहीं बैठे हैं, हम जानते हैं कि उसने इसे ऑस्ट्रेलियाई शो (ट्रुथ ऑर ड्रिंक) से सीखा है।

कोर्ट ने कहा कि इससे रणवीर की विकृत मानसिकता का पता चलता है।

यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और बियरबाइसेप्स से मशहूर रणवीर ने इंडियाज गॉट लेटेंट शो में एक प्रतिभागी से सवाल पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन संबंध बनाते हुए देखेंगे या एक बार इसमें शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोक देंगे?

उनके इस सवाल पर लोग भड़के हुए हैं। हालांकि, उन्होंने माफी भी मांग ली, लेकिन कई शहरों में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

रायपुर, (आरएनएस)। ग्राम मुंगाडीह के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे अधेड़ को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अशोक गुप्ता 51 ग्राम मुंगाडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि अशोक गुप्ता पैदल कहीं जा रहा था, तभी गांव के मेनरोड में ही अज्ञात वाहन के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

## युवक से 68 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पोकलेन मशीन किराए में लेकर रकम का भुगतान ना कर मशीन को लावारिस हालत में छोड़कर भागने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एम.गणेश रेड्डी 38 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी दोंदेखुर्द का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि आरोपी आशीष शेरासिया ने प्रार्थी के कंपनी से पोकलने मशीन को किराए में लेकर 68 लाख 2294 रुपए का भुगतान नहीं किया।

# बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के असर से शुरू हुई बारिश



नईदिल्ली (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसके चलते आज कई राज्यों में सुबह हुई बारिश से मौसम पलट गया है।

इसके साथ ही कुछ जगह कोहरा भी देखने को मिल रहा है, जिससे जाती हुई सर्दी फिर से लौट आई है। इसके अलावा आज कई जगह बादल छाए रह सकते हैं।

20 फरवरी तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा और तापमान में गिरावट के कारण ठंड़ एक बार फिर जोर पकड़ेगी।

राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे तापमान पर आज ब्रेक लग गया। पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में राजधानी जयपुर में आज सुबह हल्की बारिश से मौसम फिर से ठंडा हो गया।

मौसम विभाग ने 11 जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। 20 फरवरी तक उत्तर-पश्चिमी व उत्तरी हिस्सों में बादल छाए रहने के साथ बारिश होने के आसार हैं।

प्रदेश में सोमवार को सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 35.0 डिग्री दर्ज किया गया।

देश की राजधानी दिल्ली में भी बढ़ रहे तापमान से गर्मी महसूस कर रहे लोगों को पश्चिमी विक्षोभ से राहत मिलने की संभावना है।

19 फरवरी को यहां अंधड़ के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है। इसके अलावा 20 फरवरी को बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।इससे तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। आज अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 11 डिग्री तक रह सकता है।उत्तर प्रदेश में भी मौसम पलट सकता है। यहां आज बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने के संकेत हैं।अगले 2 दिन में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादलों की आवाजाही के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है।

स्काईमेट के अनुसार, 18 से 20 फरवरी तक तेज हवाओं के साथ पश्चिमी हिस्से समेत कुछ मध्य भाग में बारिश की संभावना बन सकती है। जहां मौसम शुष्क रहेगा, वहां सुबह कोहरा छाने के साथ गलन रहेगी।

# ब्लैक शॉर्ट्स पहन अवनीत कौर ने दिखाया कातिलाना लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ फोटोज सामने आई हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।टीवी इंडस्ट्री अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं अवनीत कौर ने ब्लैक कलर का टॉप और ब्राउन कलर के शॉर्ट्स पहने हुए हैं। साथ ही एक्ट्रेस का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।खुले बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के, हाथों में छोटा सा बैग, हाई हील्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।एक्ट्रेस की इन फोटोज को देखकर फैंस की निगाहें उन पर अटक गई हैं। अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइलिश लुक को फॉलो करते हैं।

एक यूजर ने एक्ट्रेस को ट्रोल करते हुए लिखा है- इसको क्या हो गया। दूसरे ने लिखा है- पता नहीं कैसे-कैसे कपड़े पहन लेते हैं। तीसरे यूजर ने लिखा है- बेशर्मी की हद हो गई है। वहीं, कई यूजर्स ने तारीफ भी की है।अवनीत कौर ने कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए एक बार फिर से सोशल मीडिया का टैम्परेचर बढ़ा दिया है।

# प्राइम वीडियो की नई कॉमेडी सीरीज दुपहिया का एलान, 7 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक


छोटे शहर की अनूठी कहानी को मजेदार अंदाज में पेश करती वेब सीरीज 'दुपहिया' प्राइम वीडियो पर रिलीज के लिए तैयार है। सीरीज में अभिनेता गजराज राव और रेणुका शहाणे दर्शकों को साथ में हंसाते नजर आएंगे।

पंचायत के फुलेरा को टक्कर देने प्राइम वीडियो की नई सीरीज दुपहिया आने वाली है, जिसका प्रीमियर 7 मार्च को होगा।

'दुपहिया' की कहानी एक काल्पनिक गांव धड़कपुर पर आधारित है, जो अपराध मुक्त होने के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाला है। हालांकि, गांव की शांति में खलल तब पड़ जाती है, जब एक कीमती दुपहिया (मोटरसाइकिल) चोरी हो जाती है। इस बीच गांव वाले बाइक का पता लगाने के लिए जुट जाते हैं और एक साहसिक अनोखे सफर पर निकल पड़ते हैं।

बॉम्बे फिल्म कार्टेल बैनर के तहत सलोना बैंस जोशी और शुभ शिवदासानी ने इसका निर्माण किया है। वहीं, निर्देशक सोनम नायर हैं।

सीरीज की कहानी को अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने लिखा है। नौ एपिसोड की सीरीज मनोरंजन से भरपूर बताई जा रही है, जिसमें रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, गजराज राव, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल




शर्मा जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

दुपहिया का प्रीमियर भारत के साथ ही 240 से अधिक देशों में 7 मार्च से होगा।

शो की घोषणा करते हुए निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ब्रेकिंग न्यूज भारत का एकमात्र अपराध-मुक्त गांव अपने पहले अपराध की रिपोर्ट करता है। कौन ले गया इस सैयां का दुपहिया? जानते हैं?

एक बयान में प्राइम वीडियो इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, यह सीरीज कॉमेडी, दिल और भारत के छोटे से शहर के सार को खूबसूरती से मनोरंजन के साथ पेश करती है। रोमांच, मनोरंजन, नए-नए मोड़ के साथ मंझे हुए कलाकारों से लिपटी सीरीज आपसे मनोरंजक होने का वादा करती है।

निर्देशक सोनम नायर ने कहा, दुपहिया को बनाने का सफर शानदार रहा। यह सीरीज कॉमेडी के साथ छोटे शहर की जिंदगी का उत्सव मनाती है।

सीरीज में शानदार कलाकारों की टीम ने एनर्जी, कॉमेडी और मनोरंजन के साथ इसे और भी यादगार बना दिया है। सीरीज का हर एक किरदार कमाल है। मुझे यकीन है कि दर्शक इसके हर हिस्से का उतना ही आनंद लेंगे जितना हमने इसे बनाते समय लिया। मैं 7 मार्च का और भारत और दुनिया भर के दर्शकों को धड़कपुर के लोगों से मिलवाने के लिए उत्सुक हूं।'दुपहिया' का प्रीमियर भारत में प्राइम वीडियो पर और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में 7 मार्च को होगा।

## शिव कार्तिकेयन के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, आगामी फिल्म के टाइटल संग एक्टर का फर्स्ट लुक आउट



तमिल एक्टर शिवकार्तिकेयन के 40वां जन्मदिन के मौके पर एक्टर को हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं. इसी कड़ी में एसके23 के मेकर्स ने शिवकार्तिकेयन के जन्मदिन पर उनके फैंस को एक नया तोहफा दिया है. मेकर्स ने एसके23 का ऑफिशियल टाइटल जारी करते हुए एक्टर की पहली झलक दिखाई है.

17 फरवरी को एसके23 के डायरेक्टर एआर मुरुगादास ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ऑफिशियल टाइटल का पोस्टर साझा किया और फिल्म के हीरो शिवकार्तिकेयन को जन्मदिन की बधाई दी. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हैप्पी बर्थ शिवकार्तिकेयन. बड़े पैमान पर एक्शन के लिए ग्राउंड तैयार है. तबाही शुरू. एसके23 का ऑफिशियल टाइटल मद्रासी है. पोस्ट के कैप्शन में टाइटल के ग्लिम्प्स का लिंक भी दिया गया. वहीं, शिवकार्तिकेयन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, हमारे फेवरेट एआर मुरुगादॉस सर और मेरे प्यारे अनिरुद्ध के साथ हमारी हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर, मद्रासी टाइटल की झलक पेश करने के लिए एक्साइटेड हैं.

शिवकार्तिकेयन स्टारर को 5 भाषाओं तमिल, तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा. एसके23 का तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम टाइटल मद्रासी है. जबकि हिंदी में इसका टाइटल दिल मद्रासी है.

मेकर्स द्वारा जारी किए गए टाइटल ग्लिम्प्स की शुरुआत एक जंग की तैयारी के साथ होती है. इसमें दमदार एक्शन, बम विस्फोट, गोलीबारी समेत कई हिंसक सीन दिखाए गए हैं. वहीं, विद्युत जामवाल की एंट्री ने ग्लिम्प्स में जान डाल दी हैं. गिटार बजाते हुए फिल्म की हीरोइन रुक्मिणी वसंत की भी झलक दिखाई गई है. इस सीन के बाद शिवकार्तिकेयन की एंट्री दिखाई गई है.

# मुझे दुख पहुंचाने का किसी को अधिकार नहीं : ईशा मालवीय



अभिनेत्री ईशा मालवीय ने सोशल मीडिया पर नकारात्मकता का सामना करने के बारे में बात की। उन्होंने ट्रोल करने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा कि वह उन्हें अपने जीवन का हिस्सा नहीं मानतीं और वह अब किसी को भी दुख पहुंचाने का अधिकार नहीं देतीं।

सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री ने कहा, मैं इन लोगों को अपने जीवन का हिस्सा भी नहीं मानती। व्यक्तिगत रूप से मैं किसी की पोस्ट पर नकारात्मक या सकारात्मक कमेंट करने में अपना समय बर्बाद नहीं करूंगी। यह बेकार है। लेकिन कुछ लोगों के पास नकारात्मक कमेंट करने के लिए इतना समय और एनर्जी होती है। मैं सच में नहीं समझ पाती कि वे इतने स्वतंत्र कैसे और क्यों हैं?

अभिनेत्री ने कहा कि ऐसे दिन भी आते हैं, जब वह उदास महसूस करती हैं और ऐसे में वह अपने माता-पिता से बात करना पसंद करती हैं।उन्होंने कहा, मैं अब किसी को भी मुझे दुख पहुंचाने का अधिकार नहीं देती। अब मैं ही एकमात्र व्यक्ति हूं, जो खुद को दुख पहुंचा सकती हूं। पहले मैंने लोगों को मुझे दुख पहुंचाने की अनुमति दी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में माता-पिता के साथ दादी को महत्वपूर्ण स्थान देती हैं। उन्होंने कहा, अभी भी ऐसे दिन हैं, जब आपको लगता है कि आपको किसी की जरूरत है और मेरे लिए वह मेरी मां, पिता और मेरी दादी मां हैं।जब उनसे पूछा गया कि वह सुर्खियों में रहने के बाद अपनी पर्सनल लाइफ को कैसे मैनेज करती हैं तो ईशा ने कहा, जब आप एक सेलिब्रिटी होते हैं और लगातार लोगों की नजरों में रहते हैं, तो आपका जीवन निजी नहीं रह जाता है। लोग आपके बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे में आप जो भी करते हैं या जीवन में जो भी करना चाहते हैं, उसे लेकर आपको सावधान रहना होगा। कई बार मैं घर पर केवल आराम करना चाहती हूं।ईशा ने आगे कहा, मैं अपने आस-पास किसी भी पपराजी को नहीं चाहती। मैं बस अपने परिवार या स्कूल के दोस्तों के साथ रहना चाहती हूं, जो इस इंडस्ट्री से नहीं हैं। ऐसे दिन भी होते हैं, जब मुझे अपनी प्राइवेसी का सम्मान करने और उसे बनाए रखने की जरूरत महसूस होती है।

## भारत की पहली मल्टीवर्स फिल्म मल्टीवर्स मनमधन में सुपरहीरो बनेगा साउथ स्टार निविन पॉली, फर्स्ट लुक आया सामने

भारत सुपरहीरो वाली फिल्में पसंद करने वालों की संख्या करोड़ों में हैं और ऐसे ही सिनेमालवर्स के लिए अब साउथ इंडिया की तरफ से बड़ा एलान हुआ है. क्योंकि भारत की पहली मल्टीवर्स फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है. फिल्म का नाम है मल्टीवर्स मनमधन. आइए जानते हैं कौन सा साउथ स्टार इसमें सुपरहीरो बनेगा और कैसी होगी फिल्म.भारत की पहली मल्टीवर्स फिल्म में मलयालम स्टार निविन पॉली सुपरहीरो बनेगें. मल्टीवर्स मनमधन में निविन लीड रोल प्ले करने के लिए तैयार हैं. पॉली ने खुद इसकी घोषणा अपने सोशल मीडिया पर की है. फर्स्ट लुक पोस्टर करते हुए निविन ने लिखा, यह मेरे दिल के बहुत करीब है, भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म, मल्टीवर्स मनमधन की घोषणा करते हुए काफी एक्साइटेड हूं, जिसका निर्देशन आदित्यन चंद्रशेखर ने किया है और आनंदू और निथिराज इसके को-राइटर हैं. इस वाइल्ड, मजेदार राइड को स्क्रीन पर देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता. दादा और रीसू, आपकी इच्छा उड़ान भर रही है-ठीक वैसे ही जैसे आप दोनों ने इसकी कल्पना की थी.मल्टीवर्स मनमधन का फर्स्ट लुक काफी एडवेंचरस है, जिसमें यूनिवर्स की झलकु के साथ धरती की चीजों जैसे बिल्डिंग, कार, पहियों, बंदूक, चैन, मोबाइल फोन, साइरन जैसी चीजें हवा में हैं और दो तरफ से बंधी रस्सी पर एक सुपरहीरो खड़ा है. पोस्टर देखने में काफी दिलचस्प है और एक रोमांचक फिल्म कहोने का दावा करता है.

# रोजाना खाली पेट करें वर्कआउट, मिल सकते हैं ये फायदे



खाली पेट वर्कआउट करना एक ऐसा विषय है, जिस पर अक्सर चर्चा होती है। कुछ लोग इसे सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं, जबकि कुछ इसे नुकसानदायक समझते हैं।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि खाली पेट वर्कआउट करने के क्या फायदे हो सकते हैं और यह कैसे आपके फिटनेस लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।यह जानकारी उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है, जो अपने स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर गंभीर हैं।

### वजन घटाने में है मददगार

खाली पेट वर्कआउट करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वजन घटाने में मदद करता है। जब आप बिना खाए एक्सरसाइज करते हैं तो शरीर ऊर्जा के लिए जमा चर्बी का उपयोग करता है। इससे कैलोरी बर्न होती है और वजन कम होता है।

हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आप बहुत ज्यादा थकान महसूस करते हैं तो तुरंत कुछ हल्का खा लें ताकि आपकी ऊर्जा बनी रहे।

### मेटाबॉलिज्म को दे सकता है बढ़ावा

खाली पेट वर्कआउट करने से मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा मिलता है।

जब आप सुबह बिना खाए एक्सरसाइज करते हैं तो आपका शरीर जमा चर्बी का उपयोग कर अधिक कैलोरी बर्न करता है।इससे न केवल मेटाबॉलिज्म तेज होता है, बल्कि ऊर्जा का स्तर भी ऊंचा रहता है। इस कारण से आप दिनभर सक्रिय और तरोताजा महसूस करते हैं, जिससे आपकी दैनिक गतिविधियों में सुधार होता है और फिटनेस लक्ष्यों को तेजी से पाने में मदद मिलती है।

### इंसुलिन संवेदनशीलता में हो सकता है सुधार

खाली पेट एक्सरसाइज करने से इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है, जिससे शरीर शक्कर को बेहतर तरीके से प्रोसेस कर पाता है और ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहता है।यह मधुमेह के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।इसके अलावा यह ऊर्जा स्तर को भी ऊंचा बनाए रखता है, जिससे आप दिनभर तरोताजा महसूस करते हैं और आपकी सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### मानसिक स्पष्टता और ध्यान केंद्रित करना होगा आसान

खाली पेट एक्सरसाइज करने से दिमाग की कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे मानसिक स्पष्टता आती है और ध्यान केंद्रित करना आसान हो जाता है।सुबह-सुबह बिना खाए एक्सरसाइज करने से दिमाग को ताजगी मिलती है, जिससे सोचने-समझने की क्षमता बेहतर होती है।इस प्रक्रिया में शरीर को ऊर्जा का सही उपयोग करना आता है। हालांकि, इसे अपनाते समय अपने शरीर की सुनना जरूरी होता है। अगर कोई असुविधा महसूस हो रही हो, तो विशेषज्ञ की सलाह लें।

# क्या केला खाने से सच में बढ़ता है वजन? जानें इसकी सच्चाई



केला एक ऐसा फल है, जो हर उम्र के लोगों को पसंद आता है और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। कई लोग यह सोचते हैं कि केला खाने से उनका वजन बढ़ सकता है।

इस लेख में हम इसी सवाल का जवाब ढूंढने की कोशिश करेंगे और जानेंगे कि केले का सेवन हमारे शरीर पर कैसे असर डालता है।

साथ ही, हम यह भी समझेंगे कि केले के पोषक तत्व स्वास्थ्य के लिए कितने अहम होते हैं।

### क्या केले में होती हैं बहुत अधिक कैलोरी?

केले को लेकर सबसे आम धारणा यह है कि इसमें बहुत ज्यादा कैलोरी होती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। हालांकि, हकीकत यह है कि एक मध्यम आकार के केले में लगभग 100-120 कैलोरी ही होती हैं।

यह मात्रा किसी भी अन्य स्नैक या मिठाई की तुलना में काफी कम होती है। इसके अलावा, केले में फाइबर भी होता है, जो पेट को भरा हुआ महसूस कराता है और भूख को नियंत्रित करता है।

### किस समय खाना चाहिए केला?

केला खाने का सही समय सुबह का होता है। सुबह-सुबह केला खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है, जिससे दिनभर सक्रिय रहने में मदद मिलती है।

अगर आप एक्सरसाइज करते हैं, तो उससे पहले या बाद में केला खाना बेहद फायदेमंद हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इससे शरीर की ताकत बढ़ जाती है और थकान भी कम हो जाती है।

इसके अलावा, केले में मौजूद पोषक तत्व शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल भी प्रदान करते हैं।

### केले में पाए जाने वाले पोषक तत्वों का महत्व

केले में पोटैशियम, विटामिन बी6, विटामिन सी और मैग्नीशियम जैसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ये तत्व शरीर के लिए बेहद अहम होते हैं और इन्हें नियमित रूप से लेना चाहिए।

पोटैशियम दिल की धड़कन को सामान्य रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। वहीं, विटामिन बी6 मस्तिष्क के विकास के लिए जरूरी होता है और विटामिन सी प्रतिरक्षा को मजबूत बनाता है।

मैग्नीशियम हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद होता है।

वजन घटाने वालों के लिए केला कैसे फायदेमंद हो सकता हैं?

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो केले को बिना किसी चिंता के खान-पान में जोड़ें। इसमें फाइबर होता है, जो भूख को कम करता है और पेट को देर तक भरा हुआ रखता है।

केले का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है और अचानक भूख नहीं लगती।

संतुलित डाइट और नियमित एक्सरसाइज के साथ केला आपके आहार का हिस्सा बन सकता है।

# पाकिस्तान के हो जाएंगे टुकड़े-टुकड़े, 1971 जैसा होगा हाल, सांसद ने दी चेतावनी



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान सांसद और इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना फजलुर रहमान ने संसद में पाकिस्तान के फिर से टुकड़े-टुकड़े होने की बात कही है। रहमान ने पाकिस्तान को 1971 की याद दिला दी है, जब पूर्वी पाकिस्तान टूटकर बांग्लादेश बन गया था। मौलाना फजलुर रहमान ने दावा किया है कि बलूचिस्तान के पांच से सात जिले टूटकर स्वतंत्रता की घोषणा कर सकते हैं। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र करते हुए चेतावनी दी है कि ऐसी ही स्थिति एक बार फिर बन सकती है।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में खुलासा किया कि अगर बलूचिस्तान के जिले स्वतंत्रता की घोषणा करते हैं तो यूएन उनकी स्वतंत्रता को मान्यता दे सकता है। इसके अलावा सेना पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ ताकतवर लोग बंद कमरों में फैसले करते हैं, जिसे सरकार को मानना पड़ता है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र कुर्रम में फिर से हिंसा भड़क गई है। पाकिस्तान में दशकों तक यह इलाका शिया-सुन्नी संघर्ष का केंद्र रहा है। नवंबर में शुरू हुई नई लड़ाई में अब तक 150 लोगों की मौत हो गई है। यह पाकिस्तान का पहाड़ी इलाका है, जो अफगानिस्तान की सीमा से सटा है। भारी हथियारों से लैस लड़ाकों की झड़पों से यह लगभग दुनिया से कट चुका है। कई बार सीजफायर की कोशिश की गई, लेकिन हिंसा थमी नहीं है।

बता दें कि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पिछले महीने कहा था कि पाकिस्तान सरकार ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में पूरी तरह से अपना नियंत्रण खो दिया है, जिससे बीते दो दशकों में बड़े पैमाने पर पलायन हुआ है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सभी हितधारकों से समाधान खोजने की अपील की और चेतावनी दी कि अगर संकट का समाधान नहीं हुआ तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी शासन कमजोर होता है, वहां भौगोलिक अस्थिरता पैदा होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की पॉलिसी से जुड़े फैसले बंद कमरों में होते हैं। फजलुर रहमान ने सदन में कहा कि अगर मैं प्रधानमंत्री से पूछूं कि बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा या फिर कबायली इलाकों में क्या हो रहा है, तो वे शायद यही कहेंगे कि उन्हें नहीं पता। बिना सेना का नाम लिए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कोई भी सिविलियन सरकार का कंट्रोल नहीं है। पाकिस्तान में एस्टैब्लिशमेंट है, जो बंद कमरों में खास फैसले करते हैं और सरकार को उसपर अंगूठा लगाना पड़ता है।

## कनाडा के टोरंटो में बड़ा हादसा : लैंडिंग के दौरान विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त; 80 यात्री थे सवार



टोरंटो (आरएनएस)। कनाडा के टोरंटो में मिनियापोलिस से आ रहा डेल्टा फ्लाइट का एक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी 80 यात्री चमत्कारिक रूप से बच गए। जब विमान रनवे पर उतरा, तो वह नियंत्रण खो बैठा और टकराने के बाद उसका एक विंग टूट गया। इसके बाद विमान पलट गया। इस दौरान चालक दल के सदस्यों ने सतर्कता दिखाते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। दुर्घटना में एक बच्चे समेत 18 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से दो की हालत गंभीर है लेकिन उनकी जान को कोई खतरा नहीं है।

दुर्घटना के वीडियो में नजर आया कि चालक दल के सदस्य यात्रियों को बर्फ से ढके हवाई क्षेत्र में विमान से बाहर निकाल रहे थे, जबकि अग्निशमन कर्मी विमान और उसके आसपास के क्षेत्र को आग लगने से बचाने के लिए फोम से ढकने का प्रयास कर रहे थे। यह विमान कनाडा में निर्मित एम्ब्रेयर सीआरजे-900 था, जिसका संचालन डेल्टा एयरलाइंस की सहायक कंपनी एंडेवर एयर कर रही थी। यह घटना असामान्य थी, क्योंकि बड़े यात्री विमानों का इस तरह पलटना दुर्लभ माना जाता है। कनाडाई परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस दुर्घटना की गहन जांच करेगा, जिसमें अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड की भी सहायता ली जाएगी।

### संसद में झूठ बोलना सांसद को पड़ा महंगा, जेल जाने के साथ लगा लाखों रुपए का जुर्माना

सिंगापुर (आरएनएस)। सिंगापुर के भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को अदालत ने संसदीय समिति के सामने शपथ लेकर झूठ बोलने के दो मामलों में दोषी पाया। उन पर इसके लिए 14,000 सिंगापुर डॉलर यानि करीब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। सिंगापुर का संविधान कहता है यदि किसी मौजूदा सांसद ने संसद में झूठ बोला तो यदि उसे कम से कम एक साल की जेल हो जाती है या कम से कम 10,000 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया जाता है, तो वह अपनी सीट खो देगा। चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी हो जाएगा। लिहाजा सिंगापुरी सांसद इस कठोर सजा से तो बच गए। सिंगापुर के चुनाव विभाग ने पुष्टि की कि सिंह पर लगाई गई सजा उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य ठहराने की सीमा तक नहीं पहुंचती। अब वह अगला चुनाव लड़ सकते हैं। 48 वर्षीय सिंह को एक संसदीय समिति के समक्ष झूठी गवाही देने का दोषी पाया गया, जो वर्कर्स पार्टी के पूर्व सांसद रईस खान के आचरण की जांच कर रही थी, जिन्होंने यौन उत्पीड़न पीड़िता के साथ पुलिस स्टेशन जाने की कहानी गढ़ने की बात स्वीकार की थी।

### ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों पर जारी रहेगी रोक, लेबनान सरकार का फैसला

बेरूत (आरएनएस)। लेबनान सरकार ने ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों के निलंबन को बढ़ाने का फैसला किया, हालांकि विस्तार की अवधि स्पष्ट नहीं की। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह फैसला राष्ट्रपति जोसेफ औन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिस्तरीय बैठक में लिया गया। मीटिंग में प्रधानमंत्री, रक्षा, विदेश, आंतरिक और परिवहन मंत्री शामिल हुए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में बेरूत के राफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर केंद्रित थी।लेबनान सरकार ने यह भी कहा कि विमान निरीक्षण के लिए सभी मौजूदा सुरक्षा प्रक्रियाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए जरूरी प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बता दें पिछले सप्ताह, लेबनान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने एयर पोर्ट पर आने वाली कुछ उड़ानों के लिए अस्थायी रोक लगा दी थी जिनमें ईरान से आने वाली फ्लाइट्स भी शामिल थीं।लेबनान के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने गुरुवार को कहा था कि उसने ईरान सहित कुछ फ्लाइट्स को 18 फरवरी तक अस्थायी रूप से रिशेड्यूल किया है क्योंकि वह अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लागू कर रहा है।

## लंबे समय से चल रहे यूक्रेन युद्ध पर बातचीत के लिए तैयार हुआ रूस!

यूक्रेन (आरएनएस)। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध पर विराम लगाने का समय आ गया है। जिसको लेकर अब रूस बातचीत के लिए तैयार हो गया है। क्रेमलिन का कहना है कि शीर्ष रूसी अधिकारी मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन में युद्ध के मुद्दे पर बातचीत करेंगे। रूस और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और यूक्रेन युद्ध के बीच यह वार्ता वैश्विक राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही हैक्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की तैयारियों पर भी बातचीत करेंगे। पेस्कोव ने कहा कि वार्ता का मुख्य उद्देश्य 'रूस-अमेरिका संबंधों के संपूर्ण ढांचे को बहाल करना' है। इसके साथ ही यूक्रेन संकट के समाधान पर चर्चा और दोनों राष्ट्रपतियों की संभावित बैठक को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि वे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत के लिए सऊदी अरब जाएंगे।

## तीन दुश्मन देशों के नेताओं का रियाद में हो सकता है आमना-सामना ?



### सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस सलमान तीनों को करेंगे साधने की कोशिश

रियाद,(ए)। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिलने वाले हैं। मुमकिन है कि इस दौरान तीनों नेताओं का आमना-सामना भी हो सकता है। ऐसे में इन तीनों नेताओं को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान साधने की कोशिश करेंगे यह उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। ऐसी भी संभावना है कि तीनों नेता रूस-यूक्रेन युद्ध विराम पर चर्चा कर सकते हैं।जेलेंस्की के प्रवक्ता ने बताया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की बुधवार को सऊदी अरब जा रहे हैं। यह दौरा रूसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच नियोजित बैठकों के एक दिन बाद होगा। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की अपनी पत्नी के साथ सऊदी अरब की यात्रा करेंगे, जो कि एक लंबे समय से नियोजित यात्रा का हिस्सा है। ज़ेलेंस्की ने पिछले सप्ताह यात्रा का ऐलान किया था, लेकिन तारीख नहीं बताई थी उन्होंने कहा कि उनकी रूसी या अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की कोई योजना नहीं है।यूक्रेनियों की ओर से आधिकारिक घोषणा अमेरिकी और रूसी अधिकारियों द्वारा यह कहे जाने के बाद की गई है कि वे मंगलवार को रियाद में बैठक करेंगे, ताकि यूक्रेन युद्ध और इसे खत्म करने के उपायों पर चर्चा की जा सके। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए तीन साल हो चुके हैं।

## खेल समाचार

# भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी:शिखर धवन

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण आठ टीमों के इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया।

आईसीसी ने धवन के हवाले से कहा,आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी होना बहुत अच्छा अहसास है। मुझे याद है कि जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, तो मुझे यह बहुत पसंद आया था और इस टूर्नामेंट को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है।बहुत सारी अटकलें और बहुत सारी भविष्यवाणियां हैं, जो मज़ेदार है, और मैं भारत से आगे नहीं देख सकता। मुझे उन पर पूरा भरोसा है, उनके पास एक ठोस टीम है और उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ़ वनडे सीरीज़ में बहुत अच्छा खेला।

उन्होंने कहा, मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनकी कमी खलेगी और मुझे लगता है कि वे इसे बहुत दृढ़ता से महसूस करेंगे।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि बुमराह अपने अनूठी गेंदबाजी एक्शन और सटीकता के कारण प्रमुख आईसीसी आयोजनों में किसी भी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति हैं।




मेरे लिए, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ हैं, और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव का है और इस तरह के बड़े आईसीसी इवेंट में यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, धवन ने हाल ही में समाप्त हुई सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल डेब्यू करने के बाद दुबई में हर्षित के शानदार प्रदर्शन पर भरोसा जताया। उन्होंने तीन वनडे सहित चार मैचों में नौ विकेट लिए।

धवांने कहा, उसी समय, हर्षित राणा टीम में आ गया है और मुझे लगता है कि यह वास्तव में रोमांचक है - उस पर नज़र रखें, मुझे लगता है कि वह शानदार प्रदर्शन कर सकता है। मुझे उसका रवैया पसंद है, वह एक मेहनती खिलाड़ी है और उसे किसी भी चीज़ से डर नहीं लगता। वह चुनौतियों को स्वीकार करता है और हमने इंग्लैंड सीरीज में देखा है कि वह फॉर्म में है। मुझे यकीन है कि वह इस अवसर का लाभ उठाने की कोशिश करेगा और अगर वह ऐसा करता है, तो वह भारत के लिए एक वास्तविक एक्स-फैक्टर प्रदान कर सकता है।39 वर्षीय खिलाड़ी कप्तान रोहित, विराट कोहली और शुभमन गिल सहित भारतीय बल्लेबाजों के फॉर्म से खुश हैं। धवन ने कहा, भारत के लिए आशावादी होने के कई कारण हैं। उनके पास बहुत संतुलित टीम है, खासकर बल्लेबाजी में - अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। शुभमन गिल, खास तौर पर, बहुत ही निरंतर हैं और उन्हें बड़ी भूमिका निभानी है। मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगे। रोहित शर्मा ने फॉर्म हासिल कर लिया है, विराट कोहली भी हैं; वे एक बेहतरीन टीम हैं और उन्हें रोकना मुश्किल होगा।

पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, भारत ने पिछली चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन दुख की बात है कि फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन हमने शानदार क्रिकेट खेला।

### मंधाना के अर्धशतक से आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया

नई दिल्ली (ए)। कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यपीएल) क्रिकेट के अपने दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 141 रन बनाये। इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 142 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने दो विकट के नुकसान पर ही 17 ओवरों के अंदर ही हासिल कर लिया। आरसीबी की ओर से मंधाना ने सबसे ज्यादा 81 रन रन बनाये जबकि डेनिएल वायट ने 42 ऋचा घोष ने नाबाद 11 और एलिस पेरी ने नाबाद 7 रन बनाये।इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी की गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी ने कैपिटल्स को 141 रन पर ही आउट कर दिया। रेणुका और जॉर्जिया के अलावा किम गार्थ और एकता बिष्ट दो-दो विकेट लिए।




### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ठीक पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी



नई दिल्ली(ए)। चैंपियंस ट्रॉफी जल्द शुरू होने वाली है। वहीं, इसकी शुरूआत से पहले मेगा इवेंट में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कुछ नए नियम लागू किए है। जिसमें परिवारिक मैंबर को लेकर भी एक रूल था कि टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के साथ फैमिली नहीं रहेगी। लेकिन अब बीसीसीआई ने यूटर्न ले लिया है। अब पत्नियां प्लेयर्स के साथ रह सकती हैं।बीसीसीआई ने कम से कम 45 दिन के दौरे पर दो हफ्तों के लिए खिलाड़ियों के साथ फैमिली रखने की अनुमति दी गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों को दुबई में उनके साथ रहने की अनुमति दी है। लेकिन बोर्ड ने इसके लिए एक सख्त शर्त रखी है। बोर्ड ने पत्नियों के लिए शर्त रखी कि खिलाड़ियों को अपने परिवार के सदस्यों को केवल एक मैच के लिए साथ रखने की अनुमति होगी। खिलाड़ी आपस में चर्चा कर सकते हैं और बीसीसीआई से इसके लिए अनुरोध कर सकते हैं। जिसके बाद ही बोर्ड इसके लिए व्यवस्था करेगा।बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी को हो रहा है।

### न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण बाहर

**-जैमीसन उनकी जगह टीम में शामिल**

कराची, (ए)। न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान से पहले एक और चोट का झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

रविवार को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अनौपचारिक अभ्यास मैच में गेंदबाजी करने के बाद फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ और प्रारंभिक चिकित्सा मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि वह पूरे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं होंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत के करीब होने और टूर्नामेंट के छोटे होने को देखते हुए, फर्ग्यूसन को पुनर्वास शुरू करने के लिए घर भेजने का फैसला किया गया।

इसमें कहा गया है कि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन टीम में फर्ग्यूसन की जगह लेंगे और आज शाम पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे।

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की इवेंट तकनीकी समिति ने न्यूजीलैंड टीम में फर्ग्यूसन के प्रतिस्थापन के रूप में जैमीसन को मंजूरी दे दी है।

जैमीसन ने अपनी पीठ में तनाव फ्रैक्चर के पुनर्वास के लिए 10 महीने तक साइडलाइन पर रहने के बाद दिसंबर में सुपर स्मैश में कैंटरबरी किंग्स के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी की।

## IPL 2025 : आकाश चोपड़ा ने कई फ्रेंचाइजी के 'दिलचस्प' शेड्यूल पर उठाए सवाल




नई दिल्ली(ए)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2025 के लिए एक दिलचस्प शेड्यूल मिला है, जिसमें लीग के अंतिम चरण में उनके अधिकतर मुकाबले घरेलू मैदान पर होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम 22 मार्च को ओपनिंग मैच में ईडन गार्डन्स पर आरसीबी का सामना करने जा रही है।चोपड़ा ने याद दिलाया कि 2024 में भी आरसीबी ने ऐसी ही परिस्थितियों में शानदार वापसी की थी, लेकिन इस बार भी उनका आखिरी लीग मैच कोलकाता के खिलाफ होगा, जो आसान नहीं होगा। अपने यूट्यूब चैनल पर शेड्यूल का विश्लेषण करते हुए चोपड़ा ने बताया कि आरसीबी के लिए यह दोहरी चुनौती हो सकती है। पिछले सीजन में केकेआर ने दोनों मैचों में आरसीबी को हराया था, इसलिए इस बार भी इन मैचों का नतीजा अहम होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी को अपने आखिरी छह में से चार और आखिरी चार में से तीन मैच घरेलू मैदान पर खेलने को मिलेंगे, जो पहले उनके लिए चुनौती थी, लेकिन पिछले सीजन में उन्होंने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि, केकेआर के खिलाफ उनके रिकॉर्ड को देखते हुए यह आसान नहीं होगा। चोपड़ा ने केकेआर की ओर ध्यान देते हुए सुझाव दिया कि उनके लिए एकमात्र बड़ी बाधा लीग चरण के अपने अंतिम दो मैच घर से दूर खेलना हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने अन्य टीमों के शेड्यूल पर भी चर्चा की। राजस्थान रॉयल्स (आरआर), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को अपने घरेलू मैच अलग-अलग मैदानों पर खेलने होंगे, जिससे उनकी रणनीति प्रभावित हो सकती है।

विशाखापत्तनम और गुवाहाटी में डीसी और आरआर क्रमशः दो-दो घरेलू मैच खेलेंगे, जबकि पीबीकेएस धर्मशाला में अपने तीन घरेलू मैच खेलेगा। आईपीएल 2025 सीजन के लिए केकेआर और डीसी को अभी तक अपने नए कप्तान की घोषणा करनी बाकी है। इस बीच, आरसीबी ने हाल ही में रजत पाटीदार को अपना नया कप्तान नियुक्त किया, जबकि श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत को क्रमशः पीबीकेएस और एलएसजी के नए कप्तान के रूप में पहले ही घोषित किया गया था। राजस्थान को अपने घरेलू सीजन की शुरुआत जयपुर की बजाय गुवाहाटी से करनी होगी, जहां उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इसी तरह, दिल्ली को अपने शुरुआती घरेलू मैच विशाखापत्तनम में और पंजाब को अपना आखिरी घरेलू मैच धर्मशाला में खेलना होगा, जिससे उनका घरेलू फायदा कम हो सकता है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के शेड्यूल के बारे में चोपड़ा ने कहा कि उन्हें बढ़त मिल सकती है, क्योंकि उनके पहले और आखिरी दो मैच अहमदाबाद में होंगे। उन्होंने शुभमन गिल से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# शहरी भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण के लिए "नक्शा" परियोजना का शुभारंभ

**-विधायक सोहागपुर, कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी रहे उपस्थित**
**-माखननगर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**




नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार की महत्वपूर्ण "नक्शा" परियोजना का आज माखननगर में शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत शहरी भूमि रिकार्ड का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि से संबंधित प्रक्रियाएँ पारदर्शी, तेज और सटीक होंगी। इस परियोजना से भारत के 152 शहरों में शहरी भूमि रिकार्ड को डिजिटलीकरण के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, जिनमें मध्यप्रदेश के 10 शहरों में माखननगर भी शामिल है।नक्शा परियोजना की शुरुआत से नागरिकों को भूमि रिकार्ड की ऑनलाईन उपलब्धता मिल सकेगी। इस योजना का उद्देश्य भूमि रिकाड्र्स की अनुपलब्धता, सरकारी दस्तावेजों और वास्तविक भूमि स्वामित्व में अंतर, स्वामित्व विवाद, और अवैध कब्जे जैसी समस्याओं को दूर करना है। इससे भूमि संबंधित कार्यों में पारदर्शिता आएगी और नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

कलेक्टर सोनिया मीना ने इस परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "नक्शा परियोजना के शुभारंभ से माखननगर जिले में भूमि रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा, जो शहरी भूमि प्रशासन को और अधिक पारदर्शी और कुशल बनाएगा। इससे न केवल भूमि विवादों का समाधान होगा, बल्कि नागरिकों को सुविधाजनक और समय पर भूमि रिकार्ड प्राप्त होंगे। यह परियोजना प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी और लोगों की समस्याओं को दूर करने में सहायक होगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सोहागपुर विधायक ठा. विजयपाल सिंह, कलेक्टर सोनिया मीना, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम नीता कोरी, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, नर्मदापुरम तहसीलदार देव शंकर धुर्वे, नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी, जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे, माखननगर तहसीलदार अनिल पटैल और अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वेल्यु शोरुम के पास अवैध पार्किंग पर आपत्ति पाडेय अस्पताल के सामने क्यों नहीं?

**अतिक्रमण दस्ता को पक्षपात करने की बजाए, निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए**

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका के विवादित अतिक्रमण दल के द्वारा सर्किट हाउस चौराहे के पास नए खुले शौरूम के सामने अवैध पार्किंग को लेकर आपत्ति की यह ठीक है। नपा के अमले की नींद तो खुली लेकिन यह पक्षपात पूर्ण रवैया है। यदि पार्किंग को लेकर नपा का विवादित अमला कार्रवाई करने के लिए पहुंचा है तो पांडेय अस्पताल के सामने कई दिनों से हर दिन सड़क पर ही वाहन खडे किए जाने पर आपत्ति क्यों नहीं ली जाती है। उन पर महरवानी क्यों। नपा के अमले को तो निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। शहर के लोग जब अपने वाहन लेकन पांडे अस्पताल के सामने से निकलते हैं तो भारी परेशानी होती है क्योंकि यहां पर हर कभी जाम लगता है। खुद नगर पालिका के अध्यक्ष रहे पांडे अस्पताल के संचालक अपने प्रतिष्ठान के सामने वैध पार्किंग की व्यवस्था नहीं कर पाए। जिससे शहरवासी परेशान होते रहते हैं। लेकिन नपा या प्रशासन में बैठे घृतराष्ट्रों को पांडेय के सामने वाहनों के सड़क पर खडे होने पर कोई आपत्ति नहीं है।

इसी तरह एसएनजी मार्ग पर हीरो के शोरूम वालों से भी नपा का अमला डरता है वहां पर शोरूम मालिक के द्वारा सड़कों पर ही वाहनों की कतार लगाई जाती है उसके बाद सब्जी की दुकानें लगती है। जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। तब घृतराष्ट्रों को क्यों नहीं दिखता कि यहां चौराहे पर ही अतिक्रमण तथा अवैध पार्किंग हो रही है।

### प्रशासन नाम की कोई चीज है मुख्यालय पर ?

कहने को संभाग मुख्यालय है लेकिन यहां पर प्रशासन नाम की चीज नहीं दिखती पूरे शहर की सड़कें खुदी पड़ी हैं। लेकिन घृतराष्ट्रों को नहीं दिखता, शहर में हर कहीं जाम लगता लेकिन उन्हें कोई लेना देना नहीं।

# आयुक्त कार्यालय में गुरुवार से शुरु होगा ई ऑफिस सिस्टम से कार्य : कमिश्नर श्री तिवारी

**इस सप्ताह योजनाओं की क्रियान्वयन में विशेष प्रगति लाई जाए**
**कमिश्नर ने ली संभागीय समय सीमा की बैठक**



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में निर्देश दिए की गुरुवार से आयुक्त कार्यालय में ई ऑफिस सिस्टम से कार्य करना शुरू किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की अब धीरे-धीरे सभी विभाग ई ऑफिस सिस्टम को अपनाना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की आईडी बनाना भी सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व योजनाओं में यदि बजट की आवश्यकता है तो शासन स्तर से बजट बुलाया जाए एवं यदि किसी योजना में बजट है तो उस योजना को शत प्रतिशत पूरा कर बजट का समुचित उपयोग किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में बिना बताए अनुपस्थित रहने पर लोक निर्माण विभाग के ईई सुभाष पाटिल, जनजातिय कार्य विभाग के ए सी जेपी यादव एवं सहायक संचालक नगरीय प्रशासन नवनीत पांडे को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने विभागीय आवासों की सूची प्राथमिकता से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने चना उपार्जन में किसान पंजीयन में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। संभागीय समय सीमा की बैठक में अपर आयुक्त आरपी सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर सहित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमित दीवान आत्महत्या मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

**7 अरोपियों की तलाश जारी, जुटी हुई हैं तीन टीम**

नर्मदापुरम। मुख्यालय के चर्चित अमित दीवान आत्महत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। बांकी अन्य की तलाश भी जारी है। इस प्रकरण में फरार 8 आरोपियों में से एक आरोपी को सोमवार देर रात में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि औबेदुल्लागंज.बैतूल नेशनल हाईवे से देहात थाना पुलिस ने आरोपी सौरभ शर्मा को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश में था। पुलिस ने आरोपियों पर दस हजार के इनाम की घोषणा की है। अभी भी सात आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। पुलिस की तीन टीम फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के सुस्त रवैये के चलते इस मामले को लेकर ब्राम्हण समाज में आक्रोश व्याप्त है।

# विटामिन 'ए' की दवा पिलाकर किया "दस्तक अभियान" का शुभारम्भ




हरदा (आरएनएस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एच.पी. सिंह ने मंगलवार को हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 17 केंद्र क्रमांक 34 में बच्चो को विटामिन 'ए' की दवा पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि दस्तक अभियान 18 फरवरी से 18 मार्च तक चलाया जावेगा। इस अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की दवाई पिलाई जावेगी तथा प्रथम चरण में चिन्हित 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का हीमोग्लोबीन टेस्ट किया जाएगा तथा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उनके कुपोषण का उपचार किया जाएगा।

# आगामी ग्रीष्म ऋतु को मध्य नजर रखते हुए पेयजल के वैकल्पिक स्त्रोत विकसित किए जाएं - कमिश्नर श्री तिवारी

**जनसुनवाई में तत्काल निराकृत होने वाले प्रकरण तत्काल निराकृत करें**
**कमिश्नर ने विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स को दिये निर्देश**

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए की वे सभी आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अभी से पेयजल के वैकल्पिक स्त्रोत को विकसित करें। कमिश्नर ने कहा कि कई नलकूपों में पानी सूख रहा है एवं जल संकट भी गहरा सकता है। कई जगह जल परिवहन की स्थिति भी आ सकती है। इन सब चीजों को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था भी बनाए रखें। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी स्थिति में आम जनता को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े। कमिश्नर ने नर्मदा पुरम में स्थित ऑफीसर्स क्लब के संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम को निर्देश दिए की ऑफीसर्स क्लब में छोटी - छोटी कल्चरल गतिविधियां की जाए। गेट टू गेदर एवं छोटे-छोटे मनोरंजन के कार्य की शुरुआत ऑफिसर्स क्लब में हो। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहां कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर दिया जाए। श्री तिवारी ने कहा कि अतिक्रमण, घर पर कब्जा, नल से पानी बहने, नाली की सफाई, जैसी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जा सकती है, ऐसी शिकायतों पर तत्काल दो से तीन घंटे में एक्शन लेते हुए निराकरण कर दिया जाए। कमिश्नर ने कहा कि जो प्रकरण तत्काल निराकृत हो सकते हैं उन्हें अनावश्यक रूप से संबंधित अधिकारी को मार्क करके लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि यथासंभव सभी कलेक्टर स्वयं जनसुनवाई करें।कमिश्नर तिवारी ने जनसुनवाई सीपीग्राम पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन के प्राप्त प्रकरणों पर भी त्वरित गति से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 के सफल संचालन हेतु परीक्षा के लिए बैठक का आयोजन आज

नर्मदापुरम (निप्र)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी परीक्षा 2025 के सफल संचालन, पवित्रता एवं सुचिता बनाये रखे जाने हेतु परीक्षा के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष/प्रेक्षको एवं परीक्षा केन्द्र प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम की अध्यक्षता में 19 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के सभा ग्रह में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम ने परीक्षा के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष/प्रेक्षको एवं परीक्षा केन्द्र प्राचार्यो को निर्देशित किया है कि उक्त बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

**खुशियों की दास्तां**

# नन्ही रोशनी को मिला स्कूल में दाखिला

**कलेक्टर के निर्देश से 06 वर्षीय रोशनी अब शिक्षा प्राप्त करेगी**



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले के सांगाखेडा कलां निवासी देवीराम कीर और सरिता कीर की 06 वर्षीय पुत्री रोशनी अब शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी। कलेक्टर सोनिया मीना के दिशा-निर्देशों के तहत रोशनी को अब प्राथमिक विद्यालय में दाखिला मिलेगा और वह नियमित रूप से स्कूल जाएगी। मौका था प्रति मंगलवार आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम का जब सरिता कीर ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत करते हुए अपनी बेटी के स्कूल में दाखिले की मांग की।

कलेक्टर के निर्देशानुसार डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रोशनी का दाखिला प्राथमिक शाला में करवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व में ही कई नवाचारों को प्रारंभ किया गया है, तथा इस कार्यवाही से एक और बच्ची को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। रोशनी के माता-पिता ने कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।रोशनी की शिक्षा यात्रा की शुरुआत के साथ अब वह भी अपने अधिकारों का पूरा उपयोग कर पाएगी और जीवन के नए अध्याय में कदम रखेगी।

# कैमरे लगाकर प्राइवेसी भंग करने, विद्युत बिल माफ करने,बेटी की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु की जांच करने संबंधी शिकायत पहुंची जनसुनवाई में

नर्मदापुरम (निप्र)। आम जनों की शिकायतों के त्वरित गति से निराकरण करने के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जहां आवेदकों को तत्काल राहत प्रदान की जाती है। आज आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से संबंधित आवेदन पहुंचे जिनका जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत ने यथा संभव निराकरण किया। आज आयोजित जनसुनवाई में जुमेराती की शहजादी मिर्जा ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पड़ोसी इकबाल बेग द्वारा आवेदिका के परिसर पर निगरानी रखने एवं आवेदिका के परिवार वालों की प्राइवेसी भंग करने हेतु कैमरा लगाकर परेशान किया जा रहा है। जब आवेदिका द्वारा इसका विरोध किया गया तो इकबाल बेग द्वारा उनको मारपीट की धमकी दी गई। शहजादी मिर्जा ने तत्काल कैमरा हटाने की मांग की। जिला पंचायत के सीईओ श्री रावत ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करण सिंह को उक्त आवेदक के संबंध में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वार्ड नंबर 26 बीटीआई नर्मदापुरम के नर्मदा प्रसाद ने विद्युत विभाग द्वारा मनमाना बिल दिए जाने की शिकायत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि वह गरीब परिवार से हैं और मनमाना विद्युत बिल जमा करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने विद्युत बिल माफ करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। श्री रावत ने एमपीबी को तत संबंध में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डोलरियां रोड मेहरा गांव इटारसी के मुकेश कुमार मलैया द्वारा आईआईटी रुड़की (उत्तराखंड) में अपनी बेटी अंशु मलैया की संदिग्ध मृत्यु के संबंध में जांच कर उचित कार्रवाई करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। श्री रावत ने उक्त आवेदन को पुलिस अधीक्षक को जांच हेतु मार्क किया। गुर्जर वाड़ा तहसील माखन नगर के हेमराज यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 32 माह से लंबित किस्त की राशि दिलाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि गत 32 माह से उन्हें इस योजना के तहत एक भी किस्त प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने शीघ्र ही समाधान करने का निवेदन किया। श्री रावत ने तहसीलदार माखन नगर को प्रकरण की जांच कर संबंधित को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रुकी हुई किस्त दिलाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। रेपूरा के पंकज रघुवंशी ने उनकी कृषि भूमि का पटवारी द्वारा सीमांकन न करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया और कहां की उनकी कृषि भूमि का जल्द ही सीमांकन किया जाए। जनसुनवाई में ग्राम कोहानी की मुलायम बी पति मोहम्मद खान ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम कोहानी स्थित उनकी आबादी भूमि की पटटे से शाहिद खान का नाम खारिज कर मुलायम बी का नाम दर्ज किया जाए। उन्होंने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि पटवारी एवं सचिव के द्वारा झूठी जानकारी देकर उनके देवर शाहिद खान का नाम आबादी भूमि के पटटे में दर्ज कर दिया गया है। जबकि शाहिद खान 50-60 वर्ष से भोपाल में अपने निजी मकान में परिवार के साथ निवास कर रहे हैं और यहां के मूल निवासी भी नहीं है। उन्होंने शाहिद खान का नाम खारिज करने की मांग की। श्री रावत ने तहसीलदार सोहागपुर को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। माखन नगर के ग्राम पंचायत जावली के घूडमल बघेल ने ग्राम पंचायत जावली में कार्यरत सचिव के द्वारा शासन की योजना का लाभ नहीं दिलाए जाने एवं पीएम आवास योजना का लाभ नहीं दिलाए जाने से संबंधित शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम हसनपुर की श्रीमती रुक्मिणी बाई ने कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर आने जाने के रास्ते को अवरूध करने के संबंध में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया। रायपुर की श्रीमती प्रमिला चौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने जाने एवं डोलरिया के ग्राम आवंरी के डालचंद गौर ने पीएम आवास की सूची में पात्र होने के उपरांत भी बेटे को लाभ नहीं मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि उनके द्वारा बार-बार आवेदन और निवेदन करने के बाद भी उनके पुत्र को पीएम आवास का लाभ नहीं दिया जा रहा है। श्री रावत ने उक्त सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए।



# निवेश प्रोत्साहन केन्द्र में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को मार्गदर्शन




नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार को जिला पंचायत में स्थित निवेश प्रोत्साहन केन्द्र नर्मदापुरम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ चर्चा कर एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं नीतियों से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक कैलाश माल द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्यतः म.प्र. शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के साथ एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, उद्योग स्थापित करने हेतु आवश्यक पंजीयन एवं दस्तावेजों के साथ ही बाजार उपलब्धता, प्रशिक्षण संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। जिससे समूह का आर्थिक विकास हो सके। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक हर्षित चौकसे, सुश्री निशांशु साहू, ग्रामीण आजिविका मिशन के जिला प्रबंधक किशोर सिलधरिया एवं स्व-सहायता समूह की महिलायें उपस्थित रही।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com